RNI. MPHIN/2016/68439

“जीवन का कार्यक्रम है रचनात्मक, विनाशात्मक नहीं; मनुष्य का कर्तव्य है अनुराग, विराग नहीं।”
भगवतीचरण वर्मा

# दैनिक मेल पॉवर



पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-99 | भोपाल, शनिवार 6 सितम्बर 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

**न्यूज, ब्रीफ**

### सहयोगियों के बहिष्कार से दुविधा में कांग्रेस

नई दिल्ली। जेल में बंद मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने से जुड़े विधेयकों पर गठित होने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को लेकर कांग्रेस गहरे संकट में है। सरकार लगातार कांग्रेस से समिति के लिए नाम देने को कह रही है, लेकिन पार्टी अब तक चुप्पी साधे हुए है। वजह है, उसके सहयोगी दलों का बहिष्कार। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और समाजवादी पार्टी (सपा) ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वे जेपीसी का हिस्सा नहीं बनेंगे। माना जा रहा है कि आम आदमी पार्टी और शिवसेना भी इसी राह पर चल सकती हैं। वाम दल (सीपीएम) ने भी समिति से बाहर रहने का निर्णय लिया है। ऐसे में कांग्रेस की दिक्कत यह है कि अगर वह जेपीसी में शामिल होती है तो विपक्षी एकता पर सवाल उठेंगे, और अगर नहीं होती तो सरकार को खुला मैदान मिल जाएगा। कांग्रेस ने दूसरी संसदीय समितियों, जैसे- जन विश्वास संशोधन विधेयक और दिवाला संहिता संशोधन विधेयक पर लोकसभा की सेलेक्ट कमेटियों में अपने सांसदों के नाम दे दिए हैं।

### गेस्टहाउसों में देह व्यापार की सूचना पर पुलिस ने मारे छापे

मथुरा। पावन नगरी मथुरा में देह व्यापार का धंधा जोरों पर फल-फूल रहा, जिसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर दी। पुलिस ने छापेमारे के बाद देह व्यापार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो गेस्टहाउस में कथित देह व्यापार गिरोह के सक्रिय होने की बात कही है और उनके शिकंजे से करीब 15 महिलाओं को मुक्त भी कराया है। पुलिस अधिकारियों से प्राप्त जानकारी अनुसार बृहस्पतिवार शाम को कोतवाली और हाईवे थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापामार कार्रवाई की थी। पुलिस उपाधीक्षक आशना चौधरी ने बताया कि पिछले दिनों भी इसी तरह से दो अतिथि गृहों से अवैध एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त 15 युवतियों को मुक्त कराया गया।

### गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों की जांच को लेकर हाईकोर्ट में लगाई याचिका

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें देशभर के गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों की जांच कराने की मांग की गई है। याचिका में विशेष रूप से बाराबंकी स्थित श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी का जिक्र किया गया है, जहां कथित तौर पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) की मान्यता के बिना छात्रों को विधि पाठ्यक्रमों में दाखिला दिए जाने का मामला उठाया गया है। जानकारी अनुसार याचिकाकर्ता सौरभ सिंह की ओर से अधिवक्ताओं सिद्धार्थ शंकर दुबे और अनिमेष उपाध्याय द्वारा दाखिल इस याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि बीसीआई को निर्देशित किया जाए कि वह अपनी वेबसाइट पर सभी मान्यता प्राप्त और गैर-मान्यता प्राप्त विधि महाविद्यालयों की सूची सार्वजनिक रूप से जारी करे। याचिका को न्यायालय की रजिस्ट्री में प्रस्तुत कर दिया गया है और इसकी सुनवाई अगले सप्ताह होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

**एयर इंडिया विमान का हवा में हुआ इंजन बंद**

## इंदौर में कराई अपातकालीन लैंडिंग

### विमान में 161 यात्री थे सवार, सभी सुरक्षित, तकनीकी टीम कर रही जांच

**इंदौर।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान (एएक्सबी1028) को लेकर इंदौर एयरपोर्ट पर उस समय हड़कंप मच गया जब पायलट ने एटीसी को विमान का एक इंजन बंद हो जाने की जानकारी दी। इंदौर में शुक्रवार को एयर इंडिया के विमान की इमर्जेंसी लेडिंग कराई गई। विमान का हवा में ही इंजन बंद हो गया जिसके बाद विमान को आपात स्थिति में उतारा गया। विमान में 161 यात्री सवार थे। सूचना मिलने के बाद एयरपोर्ट पर फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और सीआईएसएफ की टीम ने मोर्चा संभाल लिया। गनीमत रही कि विमान को एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया गया। मीडिया रिपोर्ट में एयरपोर्ट अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि सुबह दिल्ली से




इंदौर आई एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान के इंजन में तकनीकी खराबी के चलते इंदौर एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। विमान को सुबह 09.54 बजे सुरक्षित उतारा गया। यात्रियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। विमान रनवे-02 पर खड़ा है और तकनीकी टीम खराबी इसकी जांच कर रही है। बता दें इसी साल जून में एयर इंडिया का एक विमान अहमदाबाद में क्रैश हो गया था जिसमें एकमात्र यात्री जिंदा बचा था।

**पठानकोट में पहाड़ दरके**


## लुधियाना में सेना ने संभाला मोर्चा ; बाढ़ से अब तक 43 की मौत



पंजाब में बाढ़ से 20972 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। 4.24 लाख एकड़ फसल डूब चुकी है। एनडीआरएफ की 31 व सैन्य और अर्धसैनिक बल की 29 टुकड़ियां राहत कार्यों में जुटी हैं। पंजाब में बाढ़ महाविनाश का कारण बन रही है। पानी की वजह से अब तक 43 लोगों की मौत हो चुकी है। 23 जिलों के 1902 से अधिक गांव पानी की चपेट में हैं, जिससे 3.84 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। गांवों में बाढ़ग्रस्त लोगों और प्रशासन के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रभावित गांवों में एक-एक गजटेड अफसर नियुक्त करने के आदेश दिए हैं। प्रभावित लोग इन अधिकारियों के साथ अपनी समस्याएं साझा कर सकेंगे।

### पंजाब की बाढ़ से प्रधानमंत्री चिंतित

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद कहा कि पंजाब में बाढ़ की जो परिस्थितियां हैं, उससे प्रधानमंत्री अत्यंत चिंतित हैं। उन्हीं के निर्देश पर मैं हालात समझने पंजाब गया था। पंजाब में जलप्रलय की स्थिति है। फसलें तबाह और बर्बाद हो गई हैं। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब की जनता और किसानों के साथ खड़ी है। अब बाढ़ग्रस्त इलाकों के पुनर्निमाण के लिए हमें योजनाबद्ध तरीके से काम करने की जरूरत है। पंजाब को इस संकट से बाहर निकालने के लिए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं बनानी होंगी। मैं प्रधानमंत्री को पंजाब के नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट सौंपूंगा। संकट बड़ा है, लेकिन इस संकट से निकलने के लिए केंद्र सरकार कोई भी कसर नहीं छोड़ेगी। साथ ही राज्य सरकार को भी पूरी गंभीरता के साथ जमीनी स्तर पर काम करना होगा। जब पानी उतरेगा तो बीमारी फैलने का खतरा सामने होगा। मरे हुए पशुओं का सुरक्षित तरीके से निस्तारण करना होगा, जिससे बीमारी न फैले।



### पठानकोट में दरके पहाड़, रास्ते हुए बंद

पठानकोट में पहाड़ों का दरकना लगातार जारी है। शाहपुरकंडी डैम साइड जुगियाल-धारकलां रोड पर बारिश की वजह से एक केरू पहाड़ का मलबा गिरने से यातायात ठप हो गया है। वहीं, चक्की खड्ड के पास भी एक पहाड़ दरक खड्ड में गिरा है। चक्की खड्ड में कटाव की वजह से पहाड़ गिरने लगे है। दूसरा डैम साइड रोड पर पहाड़ का भारी मलबा गिरने से रोड बंद होने से लोगों को भारी समस्या का सामना



### पानी में उतरे केंद्रीय कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि पंजाब के पांच जिलों में बाढ़ के कारण हुई क्षति को लेकर केंद्र सरकार चिंतित है। इसी लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्षति का जायजा लेने के लिए उन को पंजाब भेजा है। वीरवार को अमृतसर पहुंचे शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरान किया। उन्होंने रावी दरिया से अजनाला के गांव घोनेवाला में हुई क्षति का जायजा लिया। वे बाढ़ पीड़ित लोगों से भी मिले।

**सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षक आगे आयें : राज्यपाल पटेल**

## ज्ञान का दान सेवा भी है और समर्पण भी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रदेश के 55 लाख विद्यार्थियों को गणवेश खरीदने 330 करोड़ राशि हुई अंतरित**

**भोपाल ।** राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही शासकीय विद्यालयों में कक्षा एक से 8 तक के 55 लाख विद्यार्थियों के खातों में शाला गणवेश की 330 करोड़ की राशि अंतरित की। आर.सी.व्ही.पी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शैक्षणिक संवर्ग के सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी तथा नवीन शैक्षणिक संवर्ग के प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षकों को क्रमोन्नत योजना प्रभावशील होने से चतुर्थ समयमान वेतनमान के लाभ के समरूप चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिये जाने की घोषणा की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा है कि समय की जरूरत है कि सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षक आगे आयें और परिवार एवं समाज का मार्गदर्शन करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी



द्वारा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने युवाओं के साथ विवेकानंद जयंती पर संवाद कर इस दिशा में पहल की है। गुरूजन के सम्मान और गुरू शिष्य परम्परा की महत्ता भारत की गौरवशाली संस्कृति की धरोहर है। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण युग की गुरू शिष्य परम्परा से प्रेरणा लेकर बच्चों को संस्कारित करना होगा। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि देश और समाज के निमार्ता शिक्षक होते हैं, वह भावी पीढ़ी को संस्कार, ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। व्यक्तित्व का विकास और चरित्र निर्माण करते हैं।

### एक लाख 50 हजार शिक्षकों को मिलेगा चतुर्थ समयमान वेतनमानः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की प्रदेश के शैक्षणिक संवर्ग के सहायक शिक्षक, उच्च शिक्षक, नवीन शैक्षणिक संवर्ग के प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाएगा। इससे प्रदेश के 1 लाख 50 हजार शिक्षक लाभान्वित होंगे। इसके लिए जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा। सभी पात्र शिक्षकों को चौथे वेतनमान की सौगात वित्त वर्ष 2025-26 से मिलेगी। इससे सरकार पर करीब 117 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मान-सम्मान और उन्हें सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए हमारी सरकार हर जरूरी कदम उठायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि भारतीय परंपरा में अनंत काल से ध्यान का आधार गुरु का स्वरूप, पूजा का आधार गुरु के चरण, मंत्र का आधार गुरु के वचन और मोक्ष का आधार गुरु की कृपा है। प्राचीन काल में गुरु ही भविष्य के लिए शासक तैयार करते थे, जिस प्रकार महर्षि विश्वामित्र भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ ले गए और उन्हें शस्त्र और शास्त्रों का ज्ञान देकर राक्षसों का नाश कराया।

## कांग्रेस बिहारियों की तुलना बीड़ी से करती है, यही उसका असली चेहरा

- पहले पीएम मोदी का अपमान और अब पूरे बिहार का किया अपमान

**पटना।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होना हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारियां तेज कर दी हैं और वरिष्ठ नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है। इस बीच केरल कांग्रेस के एक पोस्ट पर बवाल मच गया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक्स पर केरल कांग्रेस के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा- पहले हमारे पीएम मोदी का अपमान और अब पूरे बिहार का अपमान, यही है कांग्रेस का असली चरित्र, जो बार-बार देश के सामने उजागर हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस बिहारियों की तुलना बीड़ी से करती है। पहले भी तेजस्वी यादव और राहुल गांधी रेवंत रेड्डी जैसे लोगों का साथ देते रहे हैं, जिन्होंने बिहार और बिहारियों को गाली दी थी। कांग्रेस बिहार विरोधी है। राजद बिहार विरोधी है। बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कांग्रेस द्वारा बीड़ी की तुलना बिहार से करने पर कहा कि इससे कांग्रेस की मानसिकता उजागर हुई है कि वह बिहार और बिहारी के बारे में क्या सोचते हैं। आज बिहार की जनता खुद को अपमानित महसूस कर रही है और कांग्रेस से सवाल पूछ रही है कि बिहारी के प्रति यह मानसिकता क्या है। उन्होंने कहा कि बिहार के प्रति कांग्रेस की जो सोच है, यह दिखता है। केरल कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि बीड़ी और बिहार शब्द बी से शुरू होते हैं।

## प्रकृति के सामने इंसान बेबस, मेरा भी परिवार हिमाचल में फंसा

**अभिनेत्री रुबीना दिलैक ने सोशल मीडिया पर शेयर की भावनाएं**

**मुंबई।** पिछले कुछ दिनों से पंजाब, हरियाणा, यूपी और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। सड़कें बह गईं, पेड़ गिर गए और कई इलाकों में बिजली व नेटवर्क ठप हो गया। इस प्राकृतिक आपदा के बीच अभिनेत्री रुबीना दिलैक ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं शेयर की हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रुबीना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि कई लोगों ने मुझसे पूछा कि मैं हिमाचल की स्थिति पर क्यों नहीं बोल रही हूं। उन्होंने कहा कि उनके पास कहने को कुछ नहीं है, क्योंकि प्रकृति के सामने इंसान बेबस है। उनके परिवार के घर में भी तीन दिनों से बिजली और नेटवर्क नहीं है। रुबीना ने बताया कि शिमला में उनके फार्महाउस पर उनके माता-पिता, दादी और उनकी जुड़वां बेटियां रहती हैं। हालांकि उनका परिवार सुरक्षित है, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल वक्त में



हम सिर्फ प्रार्थना कर सकते हैं। घर बैठे चिंता तो होती है। रुबीना और उनके पति अभिनव शुक्ला पिछले दो हफ्तों से अपनी फ्लाइट रीशेड्यूल कर रहे हैं, लेकिन भूस्खलन और बाढ़ के कारण मौका नहीं मिल रहा है। रुबीना ने बताया कि 15 दिन पहले जब वह हिमाचल गई थीं, तो तीन दिन भूस्खलन की स्थिति में फंस गई थीं। उन्होंने सभी प्रभावित लोगों के लिए प्रार्थना की और कहा कि अगर सोशल मीडिया के जरिए मदद या फंड जुटाने की जरूरत पड़ी, तो वह हर संभव प्रयास करेंगी।

## दिल्ली पुलिस ने 15 विदेशी नागरिकों को किया डिपोर्ट

**13 नाइजीरियाई और 2 बांग्लादेशी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस सर्च अभियान चल रही है। इसी क्रम में पुलिस ने द्वारका में अवैध रूप से रह रहे 15 विदेशी नागरिकों को डिपोर्ट किया है। द्वारका के पुलिस उपायुक्त के मुताबिक पुलिस ने अगस्त महीने में 13 नाइजीरियाई और 2 बांग्लादेशियों को निर्वासन के लिए भेजा। ये 15 लोग द्वारका में अवैध रूप से रह रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक द्वारका की ऑपरेशन यूनिट और पुलिस नियमित रूप से उन विदेशी नागरिकों के बारे में खुफिया जानकारी जुटा रही है, जो अवैध रूप से इलाके में रह रहे हैं या घूम रहे हैं। द्वारका के मोहन गार्डन थाने की 5, एंटी-नारकोटिक्स सेल की 5, उत्तम नगर थाने की 3 और डाबरी थाने की 2 टीमों ने द्वारका की निगरानी में अवैध रूप से रह रहे 15 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। ये टीमें उन विदेशी नागरिकों को पकड़ने के लिए सक्रिय हुईं, जो बिना वैध वीजा के देश में तय समय से ज्यादा समय तक रह रहे हैं, अवैध रूप से प्रवेश कर चुके हैं और द्वारका जिले के क्षेत्र में रह रहे या घूम रहे हैं।




## मुंबई पर मंडराया खतरा: आतंकी संगठन ने दी 34 मानव बम लगाने की धमकी

**पुलिस ने पूरे शहर को रखा हाई अलर्ट पर, बढ़ाई सुरक्षा**

**मुंबई,।** मुंबई पुलिस को शुक्रवार को शहर में 34 मानव बम लगाए जाने की धमकी मिली। इसके चलते पूरी मुंबई हाई अलर्ट पर है। खबर है कि लश्कर-ए-जिहादी नाम के संगठन ने यह धमकी दी है। इससे पहले 1993 में मुंबई में सिलसिलेवार धमाके हुए थे, जिसमें 250 से ज्यादा लोग मारे गए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कॉल करने वाले ने दावा किया है कि वाहनों में धमाके के लिए 34 मानव बम लगाए गए हैं, जिनके पास 400 किलो आरडीएक्स मौजूद है। धमकी दी गई है कि धमाकों से पूरा शहर हिल जाएगा। मुंबई पुलिस ने कहा है कि यह धमकी अनंत चतुर्दशी से पहले आई है, जिसके चलते सुरक्षा को और मुस्तैद कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि धमकी में दावा किया गया है कि 34 कारों में सवार मानव बमों का इस्तेमाल 400 किलो आरडीएक्स में विस्फोट के लिए किया जाएगा, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है। बता दें सोमवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि गहन जांच के



बाद यह धमकी झूठी निकली थी। राजकीय रेलवे पुलिस ने बताया कि आरोपी रूपेश मधुकर रणपिसे ने रविवार शाम करीब चार बजे पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर बताया कि उसने कलवा रेलवे स्टेशन पर बम रखा है। जीआरपी ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को इसके बारे में सूचित किया गया और बम निरोधक दस्ते और रेलवे सुरक्षाबल के श्वान दस्ते ने गहन तलाशी ली। आरोपी ने पुलिस को फोन पर बताया कि वह बम के साथ कलवा रेलवे स्टेशन पर है और परिसर को उड़ा देगा।

## बालाकोट एसरस्ट्राइक के बाद भारत-पाकिस्तान दोनों ने सीखे सबक- सीडीएस जनरल अनिल चौहान

**गोरखपुर।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान ने अलग-अलग सबक सीखे। भारत ने जहां लंबी दूरी तक मार करने वाले प्रिसिजन हथियार और हमले के बाद नुकसान का आकलन करने की क्षमता पर ध्यान दिया, वहीं पाकिस्तान ने संभवतः अपनी एयर डिफेंस प्रणाली को मजबूत करने पर फोकस किया। गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि जब राजनीतिक नेतृत्व से चर्चा हुई तो यह साफ हो गया कि सिर्फ ड्रोन और लोटरिंग म्यूनिशन (घूमते हुए लक्ष्य तलाशने वाले हथियार) से लक्ष्य हासिल नहीं होगा। बहावलपुर और मुरिदके में आतंकी ठिकाने तबाह करने के लिए एयर पावर का इस्तेमाल जरूरी था। सीडीएस चौहान ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने सेना को साफ निर्देश दिए थे कि आतंकी ठिकाने नष्ट करने हैं और तभी जवाबी कार्रवाई करनी है जब पाकिस्तान हमला करे। इस ऑपरेशन में सेना को पूरी आजादी मिली थी, चाहे वो योजना बनाना हो या लक्ष्य चुनना। जनरल चौहान ने याद दिलाया कि 2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना ने जमीनी रास्ते से पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के कैंप तबाह किए।

## लता-आशा की वजह से रफी साहब का गिनीज बुक में दर्ज नहीं हो सका नाम

**शाहिद रफी ने लगाए दोनों बहनों पर पिता का कॅरियर बर्बाद करने के आरोप**

**मुंबई।** बॉलीवुड सिनेमा के सुरों के सरताज मोहम्मद रफी, कोकिला लता मंगेशकर और आशा भोसले किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। तीनों गायकों ने दशकों तक अपनी मधुर और शानदार आवाज से लोगों का दिल जीता है और भारतीय संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दिलाई है। वहीं, हाल ही में मोहम्मद रफी के बेटे शाहिद रफी ने लता और आशा भोसले को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए और कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शाहिद रफी ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा कि उनकी नजर में दोनों बहनें लता और आशा को उनके पिता मोहम्मद रफी की लोकप्रियता से जलन थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी ईर्ष्या के चलते मोहम्मद रफी का करियर प्रभावित हुआ था। शाहिद ने दावा किया कि दोनों बहनों ने मिलकर उनके पिता को पीछे धकलने करने की कोशिश की और संगीत जगत में उनके योगदान को कमतर दिखाने की



कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हो सका आज भी रफी के गानों के लोग दिवाने हैं और उनके चाहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में सबसे ज्यादा गाने गाने वाले गायक के नाम के तौर पर मोहम्मद रफी का नाम दर्ज था। शाहिद ने कहा जब उनका नाम सामने आया तो लता मंगेशकर ने आपत्ति जताई और खुद को आगे रखा। इसी विवाद के बाद गिनीज में रफी साहब का नाम पीछे कर दिया गया और मामला लंबित हो गया।

शाहिद ने आरोप लगाया कि अगर वो ऐसा नहीं करती तो उनके पिता मोहम्मद रफी को यह सम्मान जरूर मिलता। आशा भोंसले ने कभी कहा था कि रफी साहब की आवाज में रेंज नहीं थी। इस पर शाहिद ने कहा कि उनके पिता की आवाज की विविधता पर सवाल उठाना नासमझी है। उन्होंने कहा कि रफी साहब कभी यह नहीं पूछते थे कि गाना किस एक्टर पर फिल्माया जाएगा, बल्कि वह गाने की स्थिति और भावनाओं के हिसाब से अपनी आवाज को ढालते थे। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत और क्वालिटी थी। बता दें मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर के बीच मतभेद की खबरें कई बार सामने आईं। शाहिद ने खुलासा किया कि उनकी अनबन इतनी बढ़ गई थी कि दोनों ने एक-दूसरे से लंबे समय तक बात नहीं की। हालांकि बाद में अभिनेत्री नरगिस और संगीतकार जयकिशन की पहल पर रफी साहब ने लता मंगलेशकर को माफ कर दिया।

## जॉली एलएलबी 3 की रिलीज पर रोक से हाईकोर्ट का इनकार

**कहा- ट्रेलर में वकीलों के खिलाफ कुछ नहीं**

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने फिल्म ह्यजॉली एलएलबी 3ह्व की रिलीज पर रोक लगाने संबंधी याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ट्रेलर या गानों में ऐसा कोई आपत्तिजनक अंश नहीं है, जो वकीलों या न्यायपालिका की छवि को धूमिल करता हो। न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा और न्यायमूर्ति बृज राज सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश जयवर्धन शुक्ला की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। अदालत ने कहा, कि हमने फिल्म के तीन आधिकारिक ट्रेलर/टीजर देखे हैं। इनमें किसी तरह की आपत्तिजनक सामग्री नहीं पाई गई। यहां तक कि गाना भाई वकील है भी वकीलों की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचाता। याचिकाकर्ता की दलील थी कि फिल्म के ट्रेलर और गाने सोशल मीडिया व यूट्यूब पर बड़े पैमाने पर प्रसारित हो रहे हैं, जिससे अधिवक्ताओं की छवि धूमिल हो रही है और न्यायपालिका की गरिमा प्रभावित हो सकती है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि पिछली कड़ियों में भी वकीलों को नकारात्मक रूप में दिखाया गया था। वहीं, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडेय ने कहा कि याचिका विचारणीय नहीं है, क्योंकि याचिकाकर्ता ने इस संबंध में किसी सक्षम प्राधिकारी को प्रत्यावेदन दिए बिना सीधे कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इसी के साथ हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने याचिका खारिज करते हुए फिल्म रिलीज पर रोक लगाने से इंकार कर दिया।

# हत्यारो को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर पकड़ा

**थाना मुंगवानी अंतर्गत घटित अंधी हत्या की गुत्थी को पुलिस ने महज 12 घंटे में सुलझाया**

**झाड़फूक, टोना टोटका की शंका में गला घोटकर की गयी थी हत्या। दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में।**



दैनिक भेल पॉवर

थाना मुंगवानी अंतर्गत ग्राम रोहिया पट्टी स्थित एक खेत में नेतराम गोंड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने की सूचना थाना पुलिस को प्राप्त हुई। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका व्यक्त की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा तत्काल एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम को त्वरित एवं निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए गए ताकि घटना का खुलासा किया जा सके। ड्ट पुलिस टीम द्वारा गहनता से जांच की गयी जिसके परिणाम स्वरूप प्रकरण में पाया गया कि झाड़फूक, टोना टोटका की शंका में मृतक गमचे से गला घोटकर हत्या की गयी है। ड्ट घटना को अंजाम देने से पूर्व मृतक एवं आरोपियों ने साथ मिलकर पार्टी की थी। ड्ट घटना को अंजाम देकर नागपुर भागने की फिराक में थे आरोपी। ड्ट पुलिस टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा। आरोपी 1 : रामकुमार उईके, निवासी ग्राम रोहिया, थाना मुंगवानी आरोपी 2: रामगोपाल उईके, निवासी ग्राम रोहिया, थाना मुंगवान वैधानिक कार्यवाही : धारा 103(1) बी.एन.एस के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कार्यवाही में सराहनीय भूमिकाः उक्त कार्यवाही में अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया एवं एसडीओपी, गोटेगांव श्री मनीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना मुगवानी से सउनि रफी अहमद, सउनि लेखराम धुर्वे, प्र.आरक्षक करन पटैल, आरक्षक राम डेहरिया, आरक्षक अभिषेक, सैनिक रमेश की सराहनीय भूमिका रही।

# स्वर्ण कर्णिका नारी शक्ति क्लब द्वारा शासकीय हाई स्कूल तलापार नरसिंहपुर में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया गया



दैनिक भेल पॉवर

सर्व प्रथम सभी क्लब सदस्यों ने सरस्वती पूजन कर सभी शिक्षिकाओं का हल्दी कुमकुम लगाकर साल श्रीफल एवं माला पहनाकर उनका सम्मान किया कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती आभा दुबे जी, श्री नरोत्तम वैष्णव जी, श्रीमती हेमलता सोनी, श्रीमती सुषमा नेमा जी, श्रीमती रश्मि उदेनिया जी, श्रीमती मीना ठाकुर जी, श्रीमती नीलम मेहरा जी श्रीमती रजनी यादव जी, मनीषा धुर्वे , सभी शिक्षिकाओं का सम्मान किया कार्यक्रम में क्लब संस्थापिका श्रीमती अर्चना सुरेंद्र सोनी ने कहा कि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ होते हैं,शिक्षक जीवन पर्यन्त समाज की सेवा करते हैं उन्होंने कहा कि गुरु की भूमिका न केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित है बल्कि छात्रों के जीवन को आकार वा सही दिशा में जाने की भी मदद करते हैं, अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी ने भी बताया कि शिक्षक दिवस का दिन हमे याद दिलाता है कि हमारे जीवन में गुरु का स्थान बहुत ऊंचा है, कोषाध्यक्ष श्रीमती रानू अवधिया, सहसचिव श्रीमती अर्चना अखिलेश सोनी , क्लब सदस्य संध्या सोनी, आदि की उपस्थिति रही, सभी ने भी शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने अपने विचार रखे।

## सागर अफ आज 1500 वीं यौमे विलादत ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर जुलूसे # मोहम्मदी बुरहानी चौक 12 मुहाल सदर से बहुत ही शानों शौकत से निकाला गया जिसमें आशिके रसूल शामिल हुए



दैनिक भेल पॉवर

अल्लाह रब्बुल इज्जत अपने हबीब के सदके में हमारी और हमारे मां बाप की मगफिरत फरमाए। अमीनहजरत हाफिज व कारी मुफ्ती मोहम्मद वसीम निजामी मिस्बाही काजी ए शहर सागर व इमाम छोटी मस्जिद इनके हाथों से 12 मुहाल बुरहानी चौक में 2 बजे परचम कुशाई करेंगेहाजी मोहम्मद नसीर निजामी मोहम्मद जुल्फिकार चौधरी पूर्व पार्षद मुबीन मकरानी भारी संख्या में मुसलमान समाज त्यौहार मनाया

# उन्नत एवं संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं - निगम अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी

**निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने किया रायकवार समाज धर्मशाला निर्माण हेतु भूमिपूजन**



दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने कहा है कि समाज की उन्नति और संगठन से ही राष्ट्र सशक्त होता है और धार्मिक एवं सामाजिक धरोहरें समाज की संस्कृति को संजोने और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में अहम भूमिका का निर्वहन करती हैं। श्री सूर्यवंशी ने यह विचार होली चौक बुधवारा में रायकवार समाज धर्मशाला निर्माण हेतु भूमिपूजन करते हुए व्यक्त किये। निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 23 के अंतर्गत होली चौक बुधवारा में लगभग 05 लाख 15 हजार रुपए की लागत से बनने वाली रायकवार समाज धर्मशाला निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थितजन को संबोधित करते हुए श्री सूर्यवंशी ने कहा कि धर्मशाला का निर्माण समाज की एकता, संस्कार और प्रगति का सशक्त प्रतीक होगा। धर्मशाला न केवल रायकवार समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायी पहल होगी। श्री सूर्यवंशी ने कहा कि समाज की उन्नति और संगठन से ही राष्ट्र सशक्त होता है। ऐसी धार्मिक एवं सामाजिक धरोहरें समाज की संस्कृति को संजोने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर श्री सुभाष रायकवार, श्री दीपचंद रायकवार, श्री अमित रायकवार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# कांग्रेस नेता अभिषेक गौर का जन्मदिन, युवाओं ने बड़े उत्साह से मनाया



दैनिक भेल पॉवर

कांग्रेस के नेता संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर के जन्मदिवस पर युवाओं ने जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेंद्र मोहसा की उपस्थिति में बड़े उत्साह से मनाया इस दौरान अभिषेक गौर ने सर्वप्रथम श्रीराम दरबार मंदिर में पंडित श्री केशव गिरी जी के सानिध्य में भगवान राम एवं शिव जी का पूजन किया इस दौरान गौर ने सभी मित्रो एवं युवा साथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा आप सभी के इस अटूट प्रेम स्नेह ही मुझे सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती हैं यह स्नेह सदा बना रहे अभिषेक गौर सागर जिला के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय वीरेन्द्र गौर के पुत्र है कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र मोहसा,पूर्व विधायक सुनील जैन, क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष लखन सिंह बमौरा, क्षत्रिय महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमति प्रति सिह यशवंत बुदेला प्यूस अवस्थी रिचा सिंह दीपक दुबे,सिद्धार्थ सिंह बमौरा,लोकेश तिवारी,अंजुल शुक्ला,अखिलेश गौर,अजय देवलचौरी जितेन्द चौधरी सागर साहू उपस्थित रहे।

# जनता की सेवा ही है एकमात्र लक्ष्य: विधायक राय

**अंचल में लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित**



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** जनता की सेवा ही मेरा लक्ष्य है, प्रत्येक गांव मेरा घर परिवार है, जनहित से जुड़े अब तक पांच हजार करोड़ के निर्माण कार्य विधानसभा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हो चुके है। आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। यह बात विधायक सुदेश राय ने अंचल क्षेत्र में आयोजित लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विधायक सुदेश राय ने जानपुर बावडि ?ा मगरखेड़ा, रायपुरा के ग्रामीणों को करोड़ों रुपए लागत के निर्माण कार्यों की बड़ी सौगात दी और अनेक निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने कहा कि जानपुर बावडिया में 2 करोड़ 40 लाख रुपये लागत की परियोजना 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन से क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली बिजली कटौती समस्या का निराकरण हो जाएगा। मंदिरों के बाहर निर्मित होने वाले टीनशेडों का भी लाभ श्रद्धालुओं के साथ समस्त जनमानस को मिलेगा। विधायक सुदेश राय ने जानपुर बावडिया में 2.40 करोड़ रुपये लागत की परियोजना 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण किया। मगरखेड़ा में 5 लाख रुपये से बने श्री हनुमान मंदिर के पास टीनशेड का लोकार्पण किया। रायपुरा में 37 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। रायपुरा में ही 5 लाख रुपए से बने माता मंदिर के टीनशेड, 4 लाख रुपए से बने हरदौल लाला मंदिर टीनशेड और एक लाख पांच हजार से बने राममंदिर चबुतरे का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को समर्पित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा नेता कार्यकर्ता और सरपंच पंच ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# अब आयुष्मान सखी वॉट्सएप चैटबाट पर मैसेज करके पा सकते हैं आयुष्मान योजना से जुड़ी सारी जानकारी

**नागरिकों के लिए व्हाट्सएप आधारित डिजिटल हेल्प डेस्क है आयुष्मान सखी**

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** आयुष्मान भारत निरामय योजना का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को दिलाने के उद्देश्य से आयुष्मान सखी व्हाट्सएप चैट बाट की शुरूआत की गई है। इसे आयुष्मान सखी के नाम दिया गया है। आयुष्मान सखी एक व्हाट्सएप डिजिटल हेल्प डेस्क है जो मध्य प्रदेश राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के द्वारा टढशेऊउ के सहयोग से विकसित की गई है। यह 24७7 सेवा है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति व्हाट्सएप नंबर 0755- 2762582 पर नमस्ते या ळ मैसेज भेजकर आयुष्मान भारत योजना से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसमें कई विकल्प दिखाई देते हैं जिन्हें चुनकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इससे नागरिक अपनी पात्रता की जांच, अपने आयुष्मान कार्ड वॉलेट की जानकारी, आयुष्मान से संबद्ध अस्पतालों की सूची, आयुष्मान कार्ड डाउनलोड करना सहित अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट), वह वय वंदना योजना की जानकारी, 70 प्लस के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड किस प्रकार बनाए जाते हैं आदि जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। यह व्हाट्सएप चैटबॉट सहज संवाद, ऑटोमेटिक उत्तर एवं आमजन के लिए सुलभ सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य आयुष्मान भारत निरामय शाखा का एक नवाचार है।

# अविरल भक्ति ही परमात्मा से मिलने का माध्यम: पंडित प्रदीप मिश्रा




दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि सच्ची और अविरल भक्ति ही परमात्मा तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग है। उन्होंने कहा कि ईश्वर हमें अच्छे विचारों और सादगीपूर्ण कर्मों से ही प्राप्त होता है। शुक्रवार को कथा के दौरान उन्होंने माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर.. का उदाहरण देते हुए कबीर की तरह सच्ची भक्ति करने पर जोर दिया। पंडित मिश्रा ने भक्तों से कहा कि भले ही कोई आपको महादेव के मंदिर जाने, बेलपत्र चढ़ाने या व्रत रखने से रोके, आपको किसी के कहने पर अपनी भक्ति नहीं छोडयी चाहिए। उन्होंने कहा हम शिव के हैं, शिव हमारे हैं, शिव सबका है, जो पूजेगा उसका शिव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक शिव की कृपा नहीं होती, तब तक सच्ची भक्ति प्राप्त नहीं होती। उन्होंने शिव को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि शिव हमारी धडकन और सांस में हैं और उनके बिना हम शून्य हैं। नंद उत्सव और गोवर्धन पूजा का आयोजन कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को आस्था और उत्साह के साथ नंद उत्सव और गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। शनिवार को कथा के समापन से पहले रुकमणी विवाह और तुलसी विवाह महोत्सव भी मनाया जाएगा। पंडित मिश्रा ने कहा कि शिव ही सनातन धर्म का परम कारण और कार्य हैं और उन्हीं से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# चंद्र ग्रहण के कारण प्राचीन गणेश मंदिर के पट रहेंगे बंद

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** सात सितंबर को लगने वाले खग्रास चंद्र ग्रहण के कारण पेशवा कालीन स्वयंभू श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर के पट भक्तों के लिए बंद रहेंगे। मंदिर की मुख्य पीठाधीश्वर डॉ. चारु चंद्रा व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि शास्त्रीय मान्यताओं और सूतककाल को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। डॉ. व्यास ने बताया कि चंद्र ग्रहण का सूतककाल 7 सितंबर को दोपहर 12.58 बजे शुरू हो जाएगा। इसी के चलते मंदिर के पट दोपहर 12 बजे ही मंगल कर दिए जाएंगे। इस अवधि में कोई भी भक्त दर्शन नहीं कर पाएगा। ग्रहण के दौरान मंदिर के पुजारी और प्रबंधकगण मंदिर के भीतर रहकर जाप और अनुष्ठान करेंगे। डॉ. व्यास ने बताया कि ग्रहणकाल समाप्त होने और मंदिर की शुद्धिकरण के बाद, भक्तों को अगले दिन यानी 8 सितंबर को ही नियमित समय पर दर्शन प्राप्त हो पाएंगे। डॉ. व्यास ने भक्तों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे 7 सितंबर को मंदिर न आएं।



# अनंत चतुर्दशी आज, नम आंखों से देंगे गणपति बप्पा को विदाई

## टाउन हॉल पर होगा प्रतिमाओं का विसर्जन, प्रशासन की तैयारियां पूरी

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** दस दिवसीय गणेश उत्सव का आज अनंत चतुर्दशी पर समापन हो जाएगा और इसी के साथ नम आंखों से भगवान श्री गणेश को विदा दी जाएगी। शहर के विभिन्न विसर्जन स्थलों पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। प्रशासन द्वारा शहर के टाउन हाल पर विसर्जन कुंड बनाया है, जहां क्रेन और नाव के सहारे भगवान गणेश की प्रतिमाएं विसर्जित की जाएंगी। बता दें शहर में स्थापित 500 से अधिक छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन आज 6 सितंबर को शुरू होकर 7 सितंबर तक चलेगा। नगर पालिका ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए शहर के टाउन हॉल पर विसर्जन कुंड बनाए गए हैं, जहां प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा। बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन की व्यवस्था भी की गई है, ताकि प्रतिमाओं को सुरक्षित ढंग से विसर्जित किया जा सके साथ ही नपा कर्मचारी भी नाव के साथ विसर्जन कुंड में मौजूद रहेंगे। **सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम-** विसर्जन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी की है। शहर के सभी प्रमुख विसर्जन स्थलों टाउन हॉल, सीवन नदी घाट,



हनुमान फाटक, चद्दरपुल और शहर के बाहर जमोनिया तालाब व पार्वती नदी पर पुलिस बल तैनात किया गया है। कलेक्टर बालागुरु के. और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने खुद टाउन हॉल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। **पार्वती नदी-जमोनिया तालाब पर भी विसर्जन-** शहर में टाउन हॉल के अलावा भक्तगण प्रतिमाओं का विसर्जन सीवन नदी घाट, कस्बा स्थित हनुमान फाटक और चद्दरपुल पर भी करते हैं। कई समितियों द्वारा जमोनिया तालाब और पार्वती नदी में विसर्जन किया जाएगा। देर रात तक विसर्जन करने वालों की सुविधा के लिए सभी विसर्जन स्थलों पर विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी परेशानी का सामना करना पड़े।

# ई.अटेंडेंस दर्ज नहीं करने वाले शिक्षकों एवं प्राचार्यों पर की जाए कार्रवाई: कलेक्टर

## कलेक्टर ने की शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा




दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. ने बैठक आयोजित कर शिक्षा विभाग की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले में कोई भी विद्यार्थी ड्रॉपआउट न करें। शिक्षा का अधिकार प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहेए यह सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर बालागुरू ने अधिकारियों से कहा कि विद्यालय छोड़ चुके विद्यार्थियों को चिन्हित कर उन्हें फिर से पढ़ाई से जोड़ा जाए और हर संभव प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि ड्रॉपआउट की संख्या को कम करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने ई.अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई.अटेंडेंस दर्ज नहीं कराने वाले शिक्षकों और प्राचार्यों पर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही इसकी नियमित मॉनिटरिंग के लिए फ्लाइंग स्क्वाड बनाए जाएं। बैठक में उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पुस्तक वितरण और साइकिल वितरण जैसी छात्र हितैषी योजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने नामांकन, प्रोफाइल अपडेशन और छात्रवृत्ति स्वीकृति के संबंधी कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, डीपीसी रमेश राम उईके सहित विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# बलबटपुरा से बड़जोड़ तक सड़क और पुलिया के अभाव में छात्र-छात्राएं कीचड़ से होकर स्कूल जाने को मजबूर

दैनिक भेल पॉवर

**नरसिंहगढ़।** जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहार के गांव बलबटपुरा से बड़जोड़ तक जाने वाला मार्ग आज भी विकास से कोसों दूर है। इस मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि बच्चों को रोजाना कीचड़ भरे रास्ते से होकर स्कूल जाना पड़ता है गांव से स्कूल तक का यह कच्चा रास्ता न केवल उबड़-खाबड़ है, बल्कि नालियों की व्यवस्था न होने के कारण बारिश के समय यह मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो जाता है। मार्ग में एक बड़ा नाला भी आता है, जिसकी पुलिया जर्जर स्थिति में है। नतीजतन, न तो वाहन निकल सकते हैं और न ही लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल पाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ तक इस रास्ते से नहीं निकल पातीं, और यदि किसी व्यक्ति की तबीयत अचानक बिगड़ जाए, तो उसे चारपाई पर उठाकर पक्की सड़क तक पहुंचाना पड़ता है ग्रामवासियों ने कई बार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक न तो कोई सुनवाई हुई और न ही कोई कार्यवाही अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान देगा या



# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड बैठक में नगर के नवीन दायित्वो की घोषणा

दैनिक भेल पॉवर

**नरसिंहगढ़।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड बैठक नगर के चोपड़ा हनुमान मंदिर पर राम दरबार पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प माला वैदिक मंत्र उपरांत प्रारंभ हुई बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं को मार्गदर्शन मिला एवं नगर के नवीन दायित्व की घोषणा हुई पंडित प्रेम नारायण नगर संगठन के नगर अर्चक पुरोहित होंगे पंकज गोस्वामी नगर सत्संग मिलन प्रमुख विष्णु कुशवाह नगर प्रचार प्रसार प्रमुख पवन कुशवाहा संजय नगर सुरक्षा प्रमुख योगेश कुशवाह नगर महाविद्यालय प्रमुख दायित्व की घोषणा हुई बैठक से प्रमुख रूप से युवाओं का निर्माण उन्हें राष्ट्र धर्म के प्रति अपने कर्तव्यों का बौद्ध करना एवं स्वदेशी के प्रति समाज



को जागरूक करना नशा मुक्त समाज का निर्माण करने लव जिहाद जैसे सड़यंत्र से हिंदू बहनों की रक्षा करना गौ सेवा करने का सभी कार्यकर्ताओ ने संकल्प लिया बैठक में जिला पदाधिकारी प्रखंड कार्यकारिणी एवं नगर कार्यकारिणी के दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

# जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को मिलेगी संगठन में जिम्मेदारी- शिवाकांत पांडे

दैनिक भेल पॉवर

**इटारसी।** नर्मदापुरम जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधिवक्ता हरिनारायण थापक, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, जिले में गांव एवं कस्बा में लगातार कांग्रेस को मजबूत करने के लिए दौरे कर रहे हैं । इस कड़ी में शुक्रवार को सर्वप्रथम जिला कांग्रेस अध्यक्ष भीलाखेडी, भीलटदेव, डोलरिया, सिवनी मालवा ब्रिज एवं सिवनी मालवा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, डोलरिया ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी, सिवनी मालवा सहित



अनेक कांग्रेस जनों द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे ने इन क्षेत्रों के कांग्रेस कार्यकताओं से मुलाकात की। सभी जगहों पर कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे ने कहा कि कांग्रेस जिले में मजबूती के साथ खड़ी है अब जमीनी स्तर के कार्यकताओं को एवं सक्रिय रूप से काम करने वाले लोगों को संगठन में स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी मध्य प्रदेश में लगातार दौरा कर रहे हैं एवं प्रदेश की भ्रष्ट एवं कुम्भणी नींद में सोई हुई सरकार को जगाने का प्रयास कर रहे हैं। मध्य प्रदेश मे बीजेपी सरकार से आमजन परेशान है। लाडली बहन योजना के अंतर्गत 3000 की राशि का वादा कर माता बहनों के साथ धोखा और छल किया है। जब तक यह सरकार वादा पूरा नहीं करती तब तक कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भोपाल जिला भारतीय जनता पार्टी जिला सत्कार प्रभारी श्री कुलदीप खरे जी का जन्मदिन हीरो हिंदू एवं मित्र मंडल द्वारा बड़ी धूमधाम से श्री कुलदीप भैया का जन्मदिन उनके निवास स्थान पर बनाया और हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## पुलिस ने पकड़ा अवैध हथियारों का जखीरा अवैध हथियारों के विरूद्ध विशेष अभियान में नरसिंहपुर पुलिस की बड़ी सफलता

# अवैध हथियारों के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

दैनिक भेल पॉवर

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 अवैध पिस्टल, 3 मैग्जीन एवं 2 जिंदा कारतूस जप्त किए हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निदेर्शानुसार एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में नाकाबंदी की जा रही है, साथ ही सर्चिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध कारोबार में लिप्त लोगों की लगातार धरपकड़ की जा रही है। अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जारी अभियान के तहत थाना गाडरवारा पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त



की है आरोपी : अंकित पाटकर निवासी पचामा रोड सालीचौका, थाना गाडरवारा जप्ती : पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 02 अवैध पिस्टल, 03 मैग्जीन एवं 02 जिंदा कारतूस जप्त किए हैं वैधानिक कार्यवाही : धारा 25 (1) (ए-बी), 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष ज्यूडिशियल रिमाँड पर प्रस्तुत किया गया है। आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकार्ड : आरोपी के विरूद्ध थाना गाडरवारा में पूर्व से गाली गलोच, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के 03 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। कार्यवाही में सराहनीय भूमिका :* उक्त कार्यवाही में अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया एवं एसडीओपी, गाडरवारा, श्री रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम रजक, चौकी प्रभारी सालीचौका उप निरीक्षक वर्षा धाकड़, स.उ.नि. विक्रम परमार, प्रधान आरक्षक करन सिंह, आरक्षक हरिशंकर पटवा, राजेन्द्र धाकड़, जमना प्रसाद,करन सिंह, हरिशंकर, महिला आरक्षक सोमवती कतिया, सैनिक राजेश कौरव, सुभाष सोनी, हेमराज की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक, श्री ऋषिकेश मीना द्वारा उक्त सराहनीय कार्यवाही हेतु पुलिस टीम की प्रशंसा की गयी है।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना देगी युवा शक्ति के सपनों को नई उड़ान



*समय की कदर करना ही सफलता की पहली सीढ़ी है। जो समय की इज्जत करता है, वही जीवन में ऊँचाई पाता है।*

भारत की विकास गाथा हमेशा से उसकी श्रम शक्ति द्वारा लिखी गई है। देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में करोड़ों श्रमिकों के समर्पण और क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, पिछले 11 वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2014 में, भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ते हुए आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने वैश्विक पटल पर अपने लिए एक उल्लेखनीय स्थान बनाया है और इसमें इसके मानव संसाधन की शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इस सफलता की कहानी को बल देने वाला तथ्य यह है कि भारत के आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। आरबीआई-केएलईएमएस के अनुसार, जहां 2004-2014 के बीच केवल 2.9 करोड़ रोजगार सृजित हुए थे, उसके बाद के दशक में 17 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित हुए। औपचारिकीकरण में भी तेजी आई है, ईपीएफओ के आंकड़ों के अनुसार पिछले सात वर्षों में लगभग आठ करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं।

भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में बढ़तोरी होना भी हमारी एक बड़ी उपलब्धि है। 2015 में, केवल 19 प्रतिशत भारतीय कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत आते थे। 2025 तक, यह संख्या बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो चुकी है और 94 करोड़ लाभार्थी इसके दायरे में आए हैं, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा सामाजिक सुरक्षा कवरेज देने वाला देश बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने इस उपलब्धि को वैश्विक स्तर पर कवरेज के सबसे तेज विस्तार में से एक माना है।



यह स्पष्ट है कि राष्ट्र का भविष्य न केवल जीडीपी वृद्धि की गति से, बल्कि हमारे द्वारा सृजित नौकरियों की गुणवत्ता, श्रमिकों को दी जाने वाली सुरक्षा और अपने युवाओं को प्रदान किए जाने वाले अवसरों से भी तय होगा। बढ़ते स्वचालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कारण बनी अनिश्चितता की स्थिति, आपूर्ति-श्रृंखला में बदलाव और दुनिया भर में नौकरियों को आकार देने वाली कई अन्य कमजोरियों की वैश्विक पृष्ठभूमि में, भारत एक जनसांख्यिकीय परिवर्तन के बिंदु पर खड़ा है।

हमारी 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, जो एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय लाभांश है जो हमारी अर्थव्यवस्था को गति दे देता है, जबकि पश्चिमी देशों में आबादी वृद्ध होती हो रही है। वर्षों से, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश यानी इसकी युवा शक्ति को इसकी सबसे बड़ी ताकत माना जाता रहा है। फिर भी, पिछली सरकारों के अधीन, इस क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया गया। अमृत काल में, जब हम 2047 तक एक विकसित भारत के विजन की दिशा में प्रयास कर रहे हैं, हमारे सामने कार्य स्पष्ट हैः हमें संभावना से समृद्धि की ओर बढ़ना होगा।

इस पृष्ठभूमि में, रोजगार अब केवल एक आर्थिक संकेतक नहीं रह गया है; यह सम्मान, समानता और राष्ट्रीय शक्ति का आधार है। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने युवाओं को रोजगार योग्य बनाएं, उन्हें औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करें, उन्हें वित्तीय साक्षरता से लैस करें और यह सुनिश्चित करें कि वे एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रणाली द्वारा सुरक्षित हों। तभी हमारा जनसांख्यिकीय लाभ वास्तव में एक स्थायी राष्ट्रीय लाभांश में परिवर्तित हो सकता है।

इसी चुनौती का समाधान करने और आकांक्षा व अवसर के बीच के अंतर को पाटने के लिए, 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की है। शुरूआत में केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रस्तुत और प्रधानमंत्री जी के अपने 12वें स्वतंत्रता दिवस संबोधन में घोषित यह योजना पैमाने और डिजाइन, दोनों ही दृष्टि से एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। 1 लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ, यह भारत के इतिहास का सबसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिससे 3.5 करोड़ से ज्यादा रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इनमें से दो करोड़ लाभार्थी पहली बार नौकरी पाने वाले होंगे।

योजना के दो स्तंभः पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन और नियोक्ताओं को सहायता

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना को इसकी संरचना ही अलग बनाती है। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले पहले के कार्यक्रमों के विपरीत, यह योजना युवाओं की रोजगार क्षमता और उद्यम प्रतिस्पर्धात्मकता की दोहरी चुनौती का एक साथ समाधान करती है। भाग ह्यएह्न के तहत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों (दो किश्तों में 15,000 रुपए तक) और भाग ह्यबीह्न के तहत नियोक्ताओं (प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए प्रति माह 3,000 रुपए तक) को प्रत्यक्ष वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करके, यह श्रमिकों के लिए प्रवेश बाधाओं को कम करता है और साथ ही व्यवसायों के लिए नियुक्ति जोखिम को भी कम करता है।

इस योजना का औपचारिकीकरण और सामाजिक सुरक्षा एकीकरण की दिशा में प्रोत्साहन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसके लाभ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और नए कर्मचारियों को पहले दिन से ही सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों से जोड़ा जा सकेगा। इस प्रकार, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, एक औपचारिक, सुरक्षित और उत्पादक श्रम बाजार की ओर एक संरचनात्मक कदम है। इसके अलावा, विनिर्माण क्षेत्र में नियोक्ताओं को प्रोत्साहन पर अतिरिक्त ध्यान, भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और प्रयास है।

समावेशी और सतत विकास को गति देना

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, योजना-आधारित पहलों से हटकर एक व्यापक रोजगार प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देती है। यह पूर्व की पहलों से मिली सीख पर आधारित है, उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई), राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन और मेक इन इंडिया जैसी वर्तमान योजनाओं का पूरक है और प्रतिस्पर्धी वैश्विक व्यवस्था में काम की बदलती प्रकृति को पहचानती है।

श्रमिकों और नियोक्ताओं, दोनों को प्रोत्साहन देकर, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना यह मान्यता देती है कि रोजगार सृजन एक साझा जिम्मेदारी है। भारत डिजिटल नवाचार को अपनाते हुए है।

# हर देश को अपनी रक्षा का अधिकार है और देश से बढ़कर कुछ नहीं है

रक्षा प्राचीन सभ्यता और श्रम संस्कृति दोनों में, श्रम का एक सामान्य रूप है, जिसमें से हम देख सकते हैं, जकन और हिंदू पूर्व, उपर्णशा। इनमें अधिकार शामिल हैं। हथियार सत्य, अहिंसा, आश्चर्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य होने चाहिए। यदि मृत्यु धर्म के कारण हो, तो वह अहिंसा है। जियो और जीने दो। भारत में सत्य और अहिंसा के संघर्ष में, श्री मोहनदास गांधी ने अपने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को सीखा और अपने जीवन में सत्य और अहिंसा को अपनाकर 1947 में भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराया। आज के यज्ञावर्षण युग में, अहिंसा के पालन से ही, यह सृष्टि पृथ्वी पर विद्यमान है। अंततः इस दुनिया में दो विश्व युद्ध हुए हैं, जिनमें मानव जीवन और अत्यधिक हिंसा मुख्य कारण हैं। जौनपुर के शहर, जिनके शहर गंगा की बारिश से नष्ट हो गए थे और नवरंग, जिनके शहर गंगा की बारिश से नष्ट हो गए थे। आज, सर्वोच्च शक्ति या सर्वोच्च शक्ति जो भगवान की पहुंच से परे है, ने उन्नत देशों को अपनी सुरक्षा के लिए हथियारों का उपयोग करने के लिए मजबूर किया है। सेनाओं के बीच इस प्रतिस्पर्धा के कारण ही विश्व युद्ध होगा और पृथ्वी पर जीवन समाप्त हो जाएगा। इसलिए, आज दुनिया के सभी लोगों के लिए इस धरती पर दिव्य जीवन के लिए अहिंसक जीवन जीने की कला को अपनाना आवश्यक है। भले ही दुनिया के सभी विश्व परम अहिंसा के कारण पर जुटे हों, फिर भी हर साल विश्व स्तर पर सभी दुनिया अहिंसा के मार्ग पर एक दुनिया से दूसरी दुनिया में बदल गई है। केंद्र से केंद्र की ओर बढ़ने की आवश्यकता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है और इसलिए संयुक्त परामर्श होगा।आज चीन विक्ट्री पैरेड कर शांति को भंग करना चाहता है



जिसमें विश्व के शक्तिशाली देशों का जमावाड़ा लगा माननीय प्रधानमंत्री जी को शंघाई शिखर सम्मलेन में जाना उचित था या नहीं ऐ देश के वीर जवानों के लहू से आप खुद समझ जायेंगे देश सर्वोपरि है सेना हमारी रक्षा करती है सियाचिन जैसे कठिन गलेशियर पर -30 से 40 डिग्री के तापमान पर भी देश की सीमा की रक्षा करते हैं टैरिफ ज्यादा हुआ अमेरिका से तो देश में संसाधनों की कमी नहीं है ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन की धरती पर कदम नहीं रखना चाहिए वहाँ पाकिस्तान, तुर्की भी था रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत की चिंता होती तो भारत आते चीन नहीं जब 26/11/08 के हमले हुए तो यही सोच रहा था कि आतंकवादी से मुक्ति दिलाने वाला सही में वो सरकार नाकाम हुई और 2011 में वर्ल्ड कप में जब इंडिया में मैच देखने मोहाली में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह आए तो पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री की खातिरदारी हुई जो आतंक को पालता है लेकिन अब ऐसा लगने लगा है सभी राजनीती पार्टियों को देश से ज्यादा सत्ता की चिंता होती है ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान से नहीं आतंकवादी से युद्ध हुआ और पाकिस्तान की दोहरी नीति सामने आई आतंकवादी को पालना पोसना अतः युद्ध में कूद गया और पाकिस्तान को सबसे ज्यादा किसी ने मदद की है तो वो चीन ही है आप मजे से हैं तो ऐ मत सोचिये की ठीक हो रहा है जो सीमा पर डटे हैं उनसे जाकर पूछिए कितना कष्ट में जीवन यापन करते है खुद के लिए नहीं देश के लिए अतः ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब सेना के उप प्रमुख का बयान आता है कि हम तीन फ्रंट पाकिस्तान, चीन और तुर्की से भी लड़ रहें थे तो उनका जज्बा देखिए कभी किसी ने चीन से युद्ध के बारे में खुले तौर पर नहीं कहा लेकिन सेना ने भारत माता के लिए वो दर्द सहा है संघर्ष किया है भारत माता का मस्तिष्क गर्व से ऊँचा किया है हम देश के लिए जिए और देश के लिए मरे यही हमारा उद्देश्य होना चाहिए अमेरिका के सामने एक छोटा सा देश वेनेजुअला ने अमेरिका को डरा दिया कम नहीं है वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैड्रिनो लोपेज ने घोषणा की है कि कैरिबियन में वाशिंगटन की सैन्य उपस्थिति को लेकर बढ़ते तनाव के बीच, उनका देश संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी भी हमले का सामना करने के लिए तैयार है।रविवार को सरकारी मीडिया पर प्रसारित उनकी यह टिप्पणी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कार्टेल विरोधी अभियानों के लिए इस क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना बलों की तैनाती के बाद कराकस और वाशिंगटन के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई है भारत तो भगवान राम के आदर्शो पर चलने वाला देश है जहाँ देश ही सबकुछ है मान मयार्दा भी भारत माता के लिए है रविवार को सरकारी मीडिया पर प्रसारित उनकी यह टिप्पणी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कार्टेल विरोधी अभियानों के लिए इस क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना बलों की तैनाती के बाद कराकस और वाशिंगटन के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई है भारत 140 करोड़ देश वासियो का

## संपादकीय

# तो क्या यही ज्ञान हमें विश्व गुरु बनायेंगे ?

हमारा देश भारतवर्ष कभी न कभी जरूर विश्व गुरु रहा होगा। आज भी देख सकते हैं। जगह जगह लोग आपको सलाह देने वाले, घरेलु नुस्खा या टोटका बताने वाले मिल जायेंगे। जो स्वयं अपने ही भविष्य के बारे में अनजान हैं ऐसे तमाम लोग फुट पाथ से लेकर बड़े बड़े आधुनिक कार्यालयों तक में बैठे भविष्य वक्ता आपको पूरे देश में बैठे मिल जायेंगे। । भारत चूँकि अपना भविष्य जानने वाले जिज्ञासुओं का एक बड़ा बाजार है। इसलिये तमाम बाबाओं व ज्योतषियों की दुकानदारी इसी पर चल रही है। हमारे देश का एक काफी बड़ा वर्ग इन अवैज्ञानिक व गैर तार्किक बातों पर विश्वास भी करता है। आप देखिये कि भारत ही अकेला ऐसा देश है जहाँ करोड़ों रुपए कोठी निर्माण पर खर्च करने के बाद कोठी के मस्तक पर नजरबट्टू भूत लगाना नहीं भूलते,कहीं जूता या काला टायर भी लटका मिल जायेगा। यह हमारे देश के शिक्षित व संपन्न लोगों का हाल है तो गरीबों या अशिक्षित लोगों की बौद्धिकता पर सवाल ही क्या उठाना? बहरहाल,चूँकि हमारे देश के अधिकांश जनता अशिक्षित परन्तु धार्मिक प्रवृति की है इसलिये स्वयं को पढ़े लिखा कहने वाले कुछ चतुर्बुद्धि लोग उनकी सादगी,शराफत,भोलेपन,धार्मिक आस्था व विश्वास का लाभ उठाकर तरह तरह की धार्मिक व पौराणिक बातें बताकर उन्हें यह जताने की कोशिश करते हैं की हम चूँकि समान आस्था विश्वास व विचार वाले हैं इसलिये हम ही तुम्हारे शुभचिंतक हैं। लिहाजा हमें वोट दो और हमें सत्ता में बने रहने दो। परन्तु वैज्ञानिक व तार्किक सोच रखने वाले लोग जब इन्हें व इनके तर्कों को खारिज करते हैं तो यह लोग बड़ी चतुराई व शातिरपने से सही बातों को झुठलाने के लिये इस पढ़े लिखे व तर्कशील वर्ग को अधार्मिक,धर्मद्रोही और जरूरत पड़ने पर राष्ट्रद्रोही भी बता देता है। गोया सच को झूठ और झूठ को सच बताने लगता है। और इससे बड़ा दुर्भाग्य यह कि लालची प्रोपेगंडा गोदी मीडिया भी इस घातक मिशन में ऐसे लोगों का साथ देता है। उदाहरण के तौर पर इस्लामी यहूदी व ईसाई धर्म में समान रूप से माने जाने वाले पैगंबर हजरत मूसा के बारे में एक किस्सा प्रचलित है कि उन्होंने अल्लाह के हुक्म से चमत्कारिक रूप से लाल सागर को दो हिस्सों में विभाजित कर दिया था । बताया जाता है कि जब फिरऔन की सेना ने मूसा और उनके अनुयायियों को मारने के लिये उनका पीछा किया, तो मूसा ने अपने असा (एक प्रकार की छड़ी ) को समुद्र पर मारा। उसी समय अल्लाह ने समुद्र को दो भागों में बाँट दिया, जिससे मूसा व उनके समर्थक समुद्र पर कर गये परन्तु जब समुद्र के बीच बने इसी रस्ते से फिरऔन की सेना ने उनका पीछा किया, तो समुद्र फिर से मिल गया, और फिरऔन की सेना डूब गयी ।इस्लाम धर्म की ही एक किस्सा है जिसे पैगंबर हजरत मुहम्मद के जीवन का एक सर्व प्रमुख चमत्कार माना जाता है। इसे इस्लामी इतिहास में शक्क-ए-कमर यानी चाँद का दो टुकड़ों में बँटना,के नाम से जाना जाता है। हालांकि कुछ छात्रों ने रूस के यूरी गागरिन का नाम भी लिया जो अंतरिक्ष में पहले मानव यात्री थे। परन्तु अनुराग ठाकुर ने बच्चों का जवाब सुनकर कहा मुझे तो लगता है हनुमान जी थे। साथ ही उन्होंने यह ज्ञान भी दिया कि छात्रों को टेक्स्टबुक से बाहर निकलकर अपनी प्राचीन परंपरा, वेदों और संस्कृति की ओर देखना चाहिए, क्योंकि जब तक हमें अपनी हजारों वर्ष पुरानी परंपरा, व संस्कृति का ज्ञान नहीं होगा, तब तक अंग्रेजों ने जो हमें दिखाया है, राजनेताओं के मुंह से कतई नहीं। जरा सोचिये कि क्या इसी तरह के ज्ञान हमें विश्व गुरु बनायेंगे ?

## (विचार-मंथन)

### पशुवध निंदनीय-दंडनीय कर्म

सतोगुण में किये गये पुण्यकर्मों का फल शुद्ध होता है, अतएव वे मुनिगण, जो समस्त मोह से मुक्त हैं, सुखी रहते हैं। लेकिन रजोगुण में किये गये कर्म दुख का कारण बनते है। भौतिक सुख के लिए जो भी कार्य किया जाता है, उसका विफल होना निश्चित है। उदाहरणार्थ, यदि कोई गगनचुम्बी प्रासाद बनवाना चाहता है, तो उसके पूर्व अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ता है। मालिक को धन-संग्रह के लिए कष्ट उठाना पड़ता है और प्रासाद बनाने वाले श्रमिकों को श्रम करना होता है। अतएव भगवद्गीता का कथन है कि रजोगुण के अधीन होकर जो भी कर्म किया जाता है, उसमें निश्चित रूप से महान कष्ट भोगने होते हैं। इससे यह मानसिक तृप्ति हो सकती है कि मैंने यह मकान बनवाया या इतना धन कमाया, लेकिन यह वास्तविक सुख नहीं है। जहां तक तमोगुण का सम्बन्ध है, कर्ता को कुछ ज्ञान नहीं रहता, अतएव उसके समस्त कार्य उस समय दुखदायक होते हैं और बाद में उसे पशु जीवन में जाना होता है। पशु जीवन सदैव दुखमय है, यद्यपि माया के वशीभूत होकर वे इसे समझ नहीं पाते। पशुओं का वध भी तमोगुण के कारण है। पशु-बधिक यह नहीं जानते कि भविष्य में इस पशु को ऐसा शरीर प्राप्त होगा, जिससे वह उनका वध करेगा। यही प्रकृति का नियम है। मानव समाज में यदि कोई किसी मनुष्य का वध कर दे तो उसे प्राणदंड मिलता है।

यह राज्य का नियम है। अज्ञानवश लोग अनुभव नहीं करते कि संसार परमेश्वर द्वारा नियंत्रित एक पूरा राज्य है। प्रत्येक जीवित प्राणी परमेश्वर की संतान है और उन्हें एक चींटी तक का मारा जाना सह्य नहीं हैं। इसके लिए मनुष्य को दंड भोगना पड़ता है। अतएव स्वाद के लिए पशु-वध में रत रहना है। यदि कोई किसी कारण मांसाहार करता है, तो यह समझना चाहिए कि वह अज्ञानवश ऐसा कर रहा है और अपने भविष्य को अंधकारमय बना रहा है। पशु क्रूरता का अर्थ मनुष्यों द्वारा जानवरों को अनावश्यक कष्ट देना या नुकसान पहुँचाना है, जिसमें शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, उपेक्षा, या उन्हें जानबूझकर पीड़ा देना शामिल है. भारत में, इस पर रोकथाम के लिए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 लागू है, जो पशुओं के प्रति क्रूरता करने वाले व्यक्ति को दंडित करता है

## आज का राशिफल

### मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेषः** अकेले लोगों को आज नए लोग मिलेंगे और नए रूमानी हालात बनने के योग हैं।उत्सव के माहौल के रूप में परिवारों के लिए एक अच्छा दिन आता है और बहुत खुशीयां लाता है।अभिभावकों और शिक्षकों को चाहिए की बच्चों की आवश्यकताओं को प्रोत्साहन दें। जिससे वे भावी जीवन के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें।बेरोजगार कुछ अच्छी खबर की उम्मीद कर सकते हैं। नौकरी के प्रस्ताव या नए अवसर मिल सकते हैं। आज पुराने दोस्तों या रिश्तेदारों से मिल सकते हैं।वकील आज आखिरकार अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकालेंगे।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभ:**एकाकी जन आज किसी से मिलेंगे जो उनके जीवन में नए सकारात्मक बदलाव लाएगा।अपरिहार्य यात्रा कि पूरी तेयारीऔर व्यवस्था करने के बाद ही यात्रा करें। छात्रों के लिए आज अनुकूल दिन नहीं हैं। वे अपने दोस्तों के साथ बहस कर समय बर्बाद कर सकते हैं।व्यवहार-कुशल राजनेता आज अपने कार्यक्षेत्र में उभर कर आयेंगे। वे अपने कामकाज को आगे बढ़ाकर अपनी पार्टी में ऊंचा मुकाम हासिल करेंगे।जो महिलाएं सामाजिक रूप से सक्रिय हैं और फिल्मी कलाकार हैं उन्हें आज अपमान सहना पड़ सकता है, अगर वे बहुत सावधान न रहीं तो।

### मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुनः** एकाकी लोगों के लिए आज का दिन बहुत तनावपूर्ण होगा। उनका पसंद किया हुआ विवाह का प्रस्ताव पालको द्वारा रद्द किया जा सकता है।पारिवारिक समारोह और स्नेह मिलन आज घर के वयस्कों और अन्य सदस्यों को आनंदित करेंगे। वयस्क जन अपने रिश्तेदारों, बेटों, बेटीयों से मिल कर प्रसन्न होंगे।बच्चे आज पालकों से हर संभव सहायता कि आशा कर सकते हैं।लेखापाल पेशेवरों को आज उनकी तरक्की के बारे में खबर मिल सकती है।वे अपने दोस्तों के साथ बहस कर समय बर्बाद कर सकते हैं।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्कः** अविवाहितों के लिए आज अपने पालकों के साथ समय बिताने और खरीदारी का अच्छा मौका है।छात्र आज अपनी जरूरी परियोजनाओं को करने में निष्क्रिय हो सकते हैं। जो लोग तकनीकी जाँच में हैं, वे भी प्रभावित हो सकते हैं।पिछले कुछ समय से कड़ी मेहनत कर रहे खिलाड़ियों को आखिरकार अपने सभी प्रयासों का फल मिलेगा। वे अपने-अपने खेल में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।जो लोग मनोरंजन व्यापार में हैं उन्हें आज कुछ नुकसान हो सकता है। आप जीवनसाथी को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जाएंगे।

### सिहंः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिंहः**आप बाहर समय बिताना बहुत पसंद करते हैं। आज अपने प्रिय व्यक्ति के साथ खुशियों से भरा रूमानी दिन बिताइए।बच्चे आज अपनी कला या साहित्य की प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। माता-पिता को उन्हें प्रोत्साहित करने की पूरी कोशिश करनी चाहिए।आपको आज नए काम का अवसर मिल सकता है। नया काम आपको बहुत ख्याति और पहचान दिलाएगा।प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लोगों के लिए अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आज अनुकूल दिन है।वकीलों को आज अभियोग जीतने के कारण मुवक्किलों से बहुत प्रशंसा प्राप्त होंगी।

### कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्याः**वयस्कों से अपनी किसी भी समस्या के लिए सलाह लीजिये। इससे आपको उनके अनुभव से लाभ होगा और उन्हें भी प्रसन्नता होगी।नयी नौकरी खोज रहे प्रत्याशी आज किसी भी परीक्षा या प्रत्यक्ष भेंट को टाल दें। आज का दिन अच्छा नहीं है।कानूनी क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज बहुत सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उन्हें अपने रक्षक को निराश नहीं करना चाहिए और न ही भावनाओं में बहने देना चाहिए।माता-पिता को उन्हें प्रोत्साहित करने की पूरी कोशिश करनी चाहिए।

### तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुलाः** आज अपने प्रेमी के साथ शाम बिताने का मौका मिल सकता हैं, इसलिये प्रणयबद्ध युगल प्रसन्नता का अनुभव करेंगें। अभिभावकों को अपने बच्चों पर बहुत गर्व होगा। वे अपने अध्ययन या पाठ्य गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे और वे प्रसिद्ध हो जाएंगे।आज व्यापारियों के लिए थोडा कठिन दिन साबित होगा। दिन का अधिकतर समय और ऊर्जा हिस्सेदारों और सहयोगियों के साथ मतभेद और विवाद में बीत जाएगा।आज डॉक्टरों के लिए बहुत व्यस्त और तनावपूर्ण दिन होगा।आप अपनी सेहत के प्रति सचेत रहें। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

### वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिकः** कुंवारे व्यक्ति आज बहुत खुश हो सकते है, क्योंकि आज उनके सितारे बुलंदी पर है और उनके अपने जीवनसाथी के मिलने के योग बन रहे हैं।आज प्रवास के योग बन रहे हैं। शेयर बाजार के निवेशकों को उनकी तर्क शक्ति से बहुत मदद मिलेगी। राजनैतिक आज जनता से एक नए अंदाज में विचारों का आदान प्रदान कर सकते हैं। जिसका स्वागत किया जायेगा और इसके सकारात्मक नतीजा निकलेंगे।आप अपनी सेहत के प्रति सचेत रहें। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनुः** आप बहुत भावुक व्यक्ति हैं, अपनी बातें अपने मन में ही दबाए रखने के कारण, रूमानी अनुभवों से आप वंचित रह सकते हैं। किसी बाहरी यात्रा से पुनरस्फुर्ती का अनुभव होगा। यह आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। नया काम ढूंढ रहे लोगों की कुछ नए असरदार व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। उन्हें प्रभावित करने का पूरा प्रयत्न करें।न्यायिक व्यवसाय से जुड़े लोग आज अपने आसपास बहुत से परिवर्तन देखेंगे। अपितु, उनके कामों के सन्दर्भ में कोई खास बदलाव नहीं होगा।छात्रों को यह अपने पे भरोसा करना चाहिए कि वे आज विचलित न हों।

### मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकरः** प्रेमियों को अपने अतीत को भुला कर आने वाला भविष्य का खुले मन से स्वागत करना चाहिए। जो लोग एकाकी हैं उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक होकर कुछ नए उत्तरदायित्व संभाल लेने चाहिए।बच्चे आज सब की आँखों के तारे रहेंगे। उनके परीक्षाफल और उपलब्धियों पर पूरा परिवार गर्व महसूस करेगा।जो व्यवसायि काम में विस्तार या विविधता लाना चाहते हैं, उनके लिए के लिए अनुकूल दिवस।विधि के क्षेत्र में कार्यरत व्यवसायियों को सलाह है कि अपने विवेकबुद्धि और विचारों का अनुसरण करें।

### कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभः** साथी के तलाश में रहे लोगों के लिए आज किसी दिलचस्प व्यक्ति से मिलने के योग हैं। उचित होगा कि किसी भी तुरंत किसी नतीजे पर न जाएं और एकदम से कोई निर्णय न लें।किसी व्यवसायीक यात्रा कि प्रबल संभावना है जो आगे चल कर बहुत लाभदायक हो सकती है। आज जमीन-जायदाद के कारोबारियों के लिए सामान्य कामकाज का दिन रहेगा।राजनेताओं को आज अपने सुनिश्चित ध्येय और विचारों के लिए विरोधी पक्ष के कड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा, लेकिन सौभाग्यवश वे इस स्थिति से बहुत आसानी से बाहर आ सकेंगे।

### मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीनः** आपका उदारता पूर्ण रवैया और गर्मजोशी आपको कुछ खुशी और प्यार भरे पल देंगे। बुजुर्गों के लिए दवाइयां लेने के बजाय ताजा हवा में बाहर जाना सेहर के लिए फायदेमंद होगा। अनुसंधान के कार्य में व्यस्त डॉक्टरों के लिए एक थका देने वाला निष्फल दिन सामने है। आज वे अत्यधिक निराशा महसूस करेंगे।अपनी उच्च शिक्षा परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को आज अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। राजनीति की ओर कार्यरत लोगों की छवि ओर निखरेगी, उन्हें किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं,

# बुधवार को फिर घटी 'परम सुंदरी' की कमाई लेकिन बना दिया ये रिकॉर्ड



सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर स्टारर फिल्म 'परम सुंदरी' बॉक्स ऑफिस पर ठीक ठाक परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड पर अच्छी कमाई की थी लेकिन पहले मंडे इसके कलेक्शन में गिरावट देखी गई. फिर मंगलवार को इसके कारोबार में अचानक उछाल आया. वहीं उतार-चढ़ाव के साथ ये फिल्म सिनेमाघरों में पहला हफ्ता पूरा करने वाली है. चलिए यहां जानते हैं 'परम सुंदरी' ने रिलीज के 6ठे दिन यानी बुधवार को कितना कलेक्शन किया है?'परम सुंदरी' को दिनेश विजान ने प्रोड्यूस किया है और इसे तुषार जलोटा ने निर्देशित किया है. नॉर्थ के लड़के परम और साउथ की लड़की सुदंरी की लव स्टोरी पर बेस्ड ये फिल्म अपने शानदार म्यूजिक के चलते खूब चर्चा बटोर रही है. इसका फायदा फिल्म को हुआ है. हालांकि 'परम सुंदरी' बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई नहीं कर रही है लेकिन अच्छी बात ये है कि कम बजट में बनी ये फिल्म रिलीज के 6 दिन में ही अपनी लागत वसूलने के बेहद नजदीक पहुंच गई है.फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने 7.25 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद इसने 27.59 फीसदी के जंप के साथ दूसरे दिन 9.25 करोड़ कमाए. फिर तीसरे दिन इसके कलेक्शन में 10.81 फीसदी का उछाल आया और इसकी कमाई 10.25 करोड़ रुपये रही. वहीं चौथे दिन इसकी कलेक्शन 68.29 फीसदी गिर गया और इसने 3.25 करोड़ का कारोबार किया. इसके बाद 5वें दिन फिल्म ने 30.77 फीसदी के जंप के साथ 4.25 करोड कमाए.'परम सुंदरी' की कमाई में मंगलवार की तुलना में बुधवार को एक बार फिर गिरावट दर्ज की गई. बावजूद इसके ये फिल्म जाह्नवी कपूर की तीसरी सबसे बड़ी फिल्म बन गई है. इसने 6ठे दिन एक्ट्रेस की मिस्टर एंड मिसेज माही के 35.14 करोड़ के लाइफटाइम कलेक्शन को मात दे दी है. अब इसका अगला टारगेट धड़क (73.52 करोड़) को पछाड़ना है, वहीं देवरा (292.71 करोड़) इसकी पहुंच से बाहर होगी.कोईमोई के मुताबिक परम सुंदरी 60 करोड़ के बजट में बनी है. इस फिल्म ने रिलीज के 6 दिन में 35 करोड़ से ज्यादा कमाई कर ली है और इसी के साथ इसने अपनी अनुमानित लागत का 60त्न से ज्यादा वसूल कर लिया है. अब देखने वाली बात होगी कि 5 सितंबर, 2025 को रिलीज़ होने वाली बागी 4, द बंगाल फाइल्स और द कॉन्ज्यूरिंग- लास्ट राइट्स जैसी फिल्मों से मुकाबला करते हुए ये अपनी पूरी लागत वसूल पाती है या नहीं।



## भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा का पीले रंग की साड़ी में ट्रेडिशनल लुक हुआ वायरल

भोजपुरी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस मोनालिसा अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए जानी जाती हैं. हाल ही में उनका ट्रेडिशनल अवतार सोशल मीडिया पर छा गया है.मोनालिसा ने पीले रंग की खूबसूरत साड़ी पहनकर फैंस का दिल जीत लिया है. मोनालिसा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और फैंस उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं.इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस ने पीले रंग की सुंदर बनारसी साड़ी पहनी है जिसका बॉर्डर काफी चौड़ा है. उन्होंने साड़ी को मैचिंग ब्लाउज के साथ पेयर किया है.अपने ट्रेडिशनल लुक को और भी खास बनाने के लिए उन्होंने गले में एक खूबसूरत हार के साथ मंगलसूत्र पहना है. इसके अलावा उन्होंने कानों में झुमके भी पहने हैं.हाथों में रेड और गोल्डन चूड़ियों का सेट पहने और ओपन हेयर स्टाइल के साथ वो काफी खूबसूरत लग रही हैं.एक तस्वीर में मोनालिसा हाथ में पूजा की थाली लिए गणपति बप्पा के साथ पोज देती नजर आई.इस ट्रेडिशनल लुक में एक्ट्रेस ने अलग-अलग बैकग्राउंड के साथ पोज दिया.एक तस्वीर में मोनालिसा अपनी दो दोस्तों के साथ दिख रही हैं.उन्होंने भी मोनालिसा की तरह पीले रंग की साड़ी पहनी हुए है.इन तस्वीरों को साझा करते हुए मोनालिसा ने लिखा- पीले कपड़ों में एक साथ... सबसे अच्छा समय बिताया.मोनालिसा की इन तस्वीरों पर हजारों की संख्या में लाइक्स और कमेंट्स आने लगे हैं. एक यूजर ने लिखा, स्वीट, तो दूसरे फैन ने लिखा, प्योर इंडियन ब्यूटी।


# पढ़ाई के साथ इन फिल्मों ने दी जिंदगी की सीख


हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है. शिक्षक सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं देते बल्कि हमें जिंदगी के असल मायने भी सिखाते हैं. बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में हैं जो भावनाओं, प्रेरणा और रिश्तों की गहराई से रूबरू कराती हैं. इस खास मौके पर कुछ ऐसी ही बॉलीवुड फिल्मों के बारे में आपको बताते हैं, जिन्होंने शिक्षक और छात्र के रिश्ते को बेहद खूबसूरती से बड़े पर्दे पर दिखाया है.

इन फिल्मों ने बखूबी दिखाया टीचर- स्टूडेंट के बीच का रिश्ता

### 1. तारे जमीन पर

तारे जमीन पर एक ऐसी फिल्म है जिसे देखकर शायद ही किसी की आंखें नम न हुई हों. इस फिल्म में एक टीचर, ईशान नाम के बचे की जिंदगी को एक नया मोड़ देता है, जो पढ़ाई में कमजोर समझा जाता है लेकिन असल में एक कलाकार होता है. आमिर खान ने फिल्म में ऐसे टीचर का किरदार निभाया है, जो बचों की कमजोरी नहीं, बल्कि उनकी खासियत की पहचान करता है. शिक्षक दिवस पर यह फिल्म सिखाती है कि एक अछा गुरु हर बचे में छिपे हुए टैलेंट को पहचानता है और उसे उड़ान देता है. इस फिल्म को आप पुरे परिवार के साथ नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं. साथ ही ये फिल्म यूट्यूब पर भी अवेलेबल है.




### 2. छिछोरे

यह फिल्म देखने पर शुरू में ऐसा लगता है कि ये सिर्फ दोस्ती और कॉलेज की मस्ती पर बनी है, लेकिन इसमें कई जगह ऐसे पल आते हैं जो शिक्षक और छात्रों के रिश्ते की अहमियत को उजागर करते हैं. यह फिल्म बताती है कि जीवन सिर्फ नंबरों से नहीं चलता, बल्कि आत्मविश्वास, समर्थन और सही सोच से ही असली सफलता मिलती है. इसमें दिखाया गया है कि सही समय पर दी गई सीख जीवन को बदल सकती है. जिओ हॉटस्टार पर ये फिल्म अवेलेबल है.

### 3. सुपर 30

ये फिल्म असल जीवन से प्रेरित फिल्म है जो आनंद कुमार नामक शिक्षक की कहानी बताती है. वह ऐसे गरीब बचों को पढ़ाते हैं जो पैसों की कमी के कारण अछे स्कूलों में नहीं पढ़ पाते. यह फिल्म एक शिक्षक की समाज के प्रति जिम्मेदारी और बदलाव लाने की उनकी क्षमता को दिखाती है। शिक्षक दिवस पर यह फिल्म बताती है कि एक टीचर समाज की तस्वीर बदल सकता है. ये फिल्म आप जिओ हॉटस्टार पर एन्जॉय कर सकते हैं.

### 4. 3 इडियट्स

इस फिल्म में दिखाया गया है कि शिक्षा का असली मकसद रट्टा मारना नहीं बल्कि समझना और अपने पैशन को फॉलो करना है. शिक्षक के किरदार में बोमन ईरानी और छात्रों के बीच का रिश्ता यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हमारा एजुकेशन सिस्टम वाकई छात्रों को सोचने और अपने अंदर की कला को खोजने की आजादी देता है. ये फिल्म प्राइम वीडियो पर अवेलेबल है.

### 5. हिचकी

यह फिल्म समाज की बनी-बनाई धारणाओं को तोड़ती है. रानी मुखर्जी द्वारा निभाए गए टीचर के किरदार को टॉरेट सिंड्रोम नाम की बीमारी होती है, लेकिन वह हार नहीं मानती और समाज के सबसे कमजोर समझे जाने वाले बचों को पढ़ाकर यह साबित करती है कि एक सचा शिक्षक कभी हालातों से नहीं डरता. शिक्षक दिवस पर यह फिल्म बताती है कि एक गुरु न सिर्फ ज्ञान देता है बल्कि प्रेरणा भी देता है. इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।






# कानूनी विवाद में फंसी सुहाना

*शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान अपनी फिल्म किंग की वजह से चर्चा में हैं, लेकिन अब वह जमीन विवाद की वजह से सुर्खियों में हैं। सुहाना ने अलीबाग में करोड़ों की जमीन खरीदी है, जिस पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि उन्होंने इसके लिए सरकारी अनुमति नहीं ली।*



बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी किंग को लेकर काफी चर्चा में हैं। फिल्म के प्रमोशन और शूटिंग की वजह से वह मीडिया और फैंस दोनों के बीच सुर्खियों में बनी हुई हैं। लेकिन हाल ही में सुहाना किसी फिल्म से ज्यादा एक नए विवाद के कारण खबरों में आ गई हैं। यह विवाद सीधे तौर पर जमीन से जुड़ा हुआ है। दरअसल, सुहाना ने अलीबाग में करोड़ों की जमीन खरीदी है, जिस पर अब सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि यह जमीन किसानों को खेती के लिए दी गई थी और इसे खरीदने के लिए सरकार की अनुमति जरूरी थी, जो सुहाना ने नहीं ली। आइए जानते हैं इस बारे में।दरअसल, सुहाना खान ने मई 2023 में अलीबाग के थाल गांव में करीब 12 करोड़ रुपये की जमीन खरीदी थी। इसके लिए उन्होंने बाकायदा स्टाम्प ड्यूटी भी अदा की। लेकिन अब यह डील सवालों के घेरे में है। खबरों के मुताबिक, जिस जमीन को सुहाना ने खरीदा है, वह पहले किसानों को खेती के लिए दी गई थी। इस तरह की जमीन को खरीदने के लिए सरकार की अनुमति जरूरी होती है। आरोप यह है कि सुहाना ने बिना अनुमति के यह प्रॉपर्टी खरीद ली।

### अलीबाग में है जमीन

वहीं, ये मामला यहीं तक नहीं रुका। डॉक्यूमेंट्स में बताया जा रहा है कि सुहाना को 'किसान' दिखाया गया है, ताकि जमीन खरीदी जा सके। यह प्रॉपर्टी देज़ा वू प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के जरिए खरीदी गई है। इस कंपनी से शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान का परिवार जुड़ा है। कंपनी में गौरी खान और उनकी भाभी डायरेक्टर हैं। अब इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश दे दिए गए हैं। अलीबाग के तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी गई है, जिसे रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर ने जारी किया है।

### दूसरी प्रॉपर्टी खरीदने की बात आई सामने

एक रिपोर्ट के अनुसार, इस डील के बाद सुहाना खान के नाम पर समंदर किनारे 10 करोड़ रुपये की एक और प्रॉपर्टी खरीदने की भी बात सामने आई है। लेकिन अब तक इस पूरे कंट्रोवर्सी पर न तो सुहाना की तरफ से और न ही उनकी फैमिली की तरफ से कोई ऑफिसियल बयान सामने आया है।

### सुहाना खान के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स


सुहाना खान ने हाल ही में नेटफ्लिक्स फिल्म 'द आर्चीज' से बॉलीवुड में कदम रखा था। अब वह अपने पिता शाहरुख खान के साथ 'किंग' फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं, जिन्होंने शाहरुख की हिट फिल्म 'पठान' बनाई थी। फिल्म में शाहरुख और सुहाना के अलावा अभिषेक बच्चन, जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत और अभय वर्मा भी होंगे। कहा जा रहा है कि मूवी अगले साल रिलीज हो सकती है। खास बात यह है कि इस फिल्म में अभिषेक बच्चन विलेन के रोल में दिखाई देंगे।

# रिलीज से एक दिन पहले टाइगर श्रॉफ की फिल्म ने कर ली करोड़ों की कमाई

टाइगर श्रॉफ एक बार वापसी करने जा रहे हैं. वो फिल्म बागी 4 से कमबैक कर रहे हैं. उनका जबरदस्त अंदाज देखने के लिए फैंस इंतजार कर रहे हैं. बागी फ्रेंचाइजी की इससे पहले 3 फिल्में आ चुकी हैं और अब ये चौथी फिल्म लेकर आए हैं. बागी 4 में टाइगर श्रॉफ के साथ संजय दत्त विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं. फिल्म में बहुत मार-धाड़ होने वाली है ये ट्रेलर से ही पता चल गया है. आइए आपको फिल्म की एडवांस बुकिंग के बारे में बताते हैं.

बागी 4 को रिलीज होने में अब सिर्फ 1 दिन बचा है. ये फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. फिल्म का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है उसके बाद से ही हर कोई इसके रिलीज होने का वेट कर रहा था. अब रिलीज होने में एक दिन बचा है तो एडवांस बुकिंग में जमकर कमाई हो रही है.बागी 4 की एडवांस बुकिंग हाल ही में शुरू हुई है. फिल्म के अब तक 1 लाख से ज्यादा टिकट बिक गए हैं. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक बागी 4 ने एडवांस बुकिंग से अब तक 111031 टिकट्स बिक गए हैं. जिससे ब्लॉक सीट्स मिलाकर बागी 4 ने अब तक 5.07 करोड़ की कमाई कर ली है. अभी ये कमाई काफी बढ़ने वाली है क्योंकि अभी पूरा दिन बाकी है. जिसमें अच्छी खासी कमाई एडवांस बुकिंग से होने वाली है.बागी 4 को लेकर ट्रेड एनालिस्ट से प्रिडिक्शन किया है. ये फिल्म पहले दिन इंडिया में 8.50 करोड़ रुपये से 9.50 कमा सकती है।



## संक्षिप्त खबरें

### शेयर ट्रेडिंग में निवेश कराकर सात लाख रुपये ठगे

**गाजियाबाद।** ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों ने कविनगर की चिरंजीव विहार निवासी आनंद चौरसिया को निशाना बनाया। युवती ने कॉल कर आनंद को शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने की सलाह दी। साथ ही अन्य व्यक्ति से संपर्क कराया। फर्जी एप डाउनलोड कराकर पीड़ित से सात लाख दो हजार 715 रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

एडीसीपी पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित आनंद चौरसिया के अनुसार 20 मई 2025 को उनके पास एक अनजान युवती की कॉल आई और अपना नाम दिव्या अग्रवाल बताया। बातचीत के दौरान दिव्या अग्रवाल ने बताया कि शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने से 20 से 30 प्रतिशत का मुनाफा वह ले रही है। युवती ने अपने चाचा सुदर्शन की आनंद चौरसिया से बातचीत कराई। सुदर्शन ने बताया कि वह वित्तीय विशेषज्ञ हैं और निवेश करने के दौरान उनका मार्गदर्शन और मदद करेंगे। युवती ने पीड़ित को लिंक भेजा और एक ग्रुप से जोड़ दिया। पीड़ित के अनुसार तीन दिनों के अंतराल में ही सात लाख दो हजार 715 रुपये निवेश किए। रुपये निकालने का प्रयास किया तो असफल रहे। पीड़ित ने ठगों के खिलाफ साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

### जलभराव और महाजाम पर बने मीम, सरकार पर कसा तंज

**गुरुग्राम।** सोमवार, मंगलवार और अब बृहस्पतिवार को गुरुग्राम में बारिश के बाद सड़कें वेनिस की तरह नहरों जैसी नजर आईं और 18 किमी लंबा जाम लगा। उसके बाद से हर दिन सोशल मीडिया गुरुग्राम की दुर्दशा पर मीम से भर रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से लेकर केंद्र सरकार पर तंज कसे गए हैं। मिलेनियम सिटी की पहचान वाले गुरुग्राम में सोशल मीडिया यूजर भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर सवाल उठा रहे है। लेखक सुहेल सेठ ने तंज कसा कि लगता है डिज्नीलैंड आ ही गया है। 11 साल से इस राज्य को चला रहे हैं। इसके लिए तो आप नेहरू को दोष नहीं दे सकते। खट्टर-सैनी क्या कर रहे हैं? गुरुग्राम की दुर्दशा पर यूट्यूबर ध्रुव राठी ने वीडियो पोस्ट की जिसमें जलभराव और करोड़ों के फ्लैट वाले गुरुग्राम में ट्रिपल इंजन सरकार पर कटाक्ष किए गए। गूगल और एक्स पर गुरुग्राम जाम और पानी भरने के वीडियो के कारण ट्रेंड कर रहा है। हर तीसरी पोस्ट गुरुग्राम को लेकर की गई है। विपक्षी नेताओं ने गुरुग्राम के मंत्री, विधायक, सांसद और मेयर के लापता होने को लेकर पोस्ट की। पोस्ट में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, मनोहर लाल और प्रदेश सरकार के मंत्री राव नरबीर सिंह के काम पर सवाल उठाए गए हैं

### रेटिंग करके मुनाफा कमाने के नाम पर 1.07 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** रेटिंग करके मुनाफा कमाने के नाम पर एक युवक को झांसे में लेकर जालसाजों ने 1.07 लाख रुपये की ठगी की। एक जालसाज ने व्हाट्सएप पर संपर्क करके रुपये कमाने के बारे में बताया था। पीड़ित युवक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने साइबर अपराध थाना दक्षिण में मामला दर्ज किया है। सेक्टर-67 निवासी रमेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 अगस्त को एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया और रेटिंग देने के बारे में बताया। इसके बाद रमेश को झांसे में लेकर 50 हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए। अलग-अलग किस्तों में रमेश कुमार से 1.07 लाख रुपये ट्रांसफर कराए गए। इसके बाद भी जालसाजों ने रमेश कुमार से 1.28 लाख रुपये और मांगे गए तो उसने ट्रांसफर करने से मना कर दिया और उसके इसके बाद भी जालसाज रमेश को कॉल व मैसेज करके रुपये भेजने के लिए परेशान करते रहे। पीड़ित रमेश कुमार ने ठगी के बारे में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से पुलिस को शिकायत दी।

## हाईटेंशन लाइन गिरने पर बचकर भागा युवक कैंटर की चपेट में आया, मौत

**इंदिरापुरम।** कनावनी पुस्ता में चार सितंबर की सुबह करीब 11 बजे सड़क किनारे जा रहे युवक के पास हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया। करंट से बचने के लिए युवक दौड़ा तभी सड़क पर जा रहे टैंकर की चपेट में आकर घायल हो गया। कैंटर चालक ने घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने ऊर्जा निगम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए करीब आधा घंटे तक जमकर हंगामा किया और सड़क भी जाम की। पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। हालांकि मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

हादसे का शिकार हुआ युवक कनावनी में मजदूरी करता था। मूलरूप से किसी अन्य शहर का रहने वाला बताया जा रहा है। बृहस्पतिवार को वह



मजदूरी स्थल से दोपहर का खाना खाने के लिए जा रहा था। तभी सड़क के ऊपर से निकल रही हाईटेंशन लाइन का तार उसके ठीक पास आकर गिरा। जिंदगी बचाने की जद्दोजहद में वह सड़क की तरफ भागा। उसी समय सड़क पर जा रहे एक टैंकर चालक ने तार टैंकर पर गिरने की चिंता में गाड़ी को आगे बढ़ाया तभी युवक उसकी चपेट में आ गया। स्थानीय व्यक्ति धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि टैंकर चालक ने अन्य लोगों के साथ मिलकर घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। वह कहां काम कर रहा था अभी इसकी जानकारी भी नहीं मिल पाई है। शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। एक पुलिस टीम युवक की शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है।

### ऊर्जा निगम की लापरवाही पड़ न जाए भारी

बृहस्पतिवार को हुए हादसे के बाद बड़ी संख्या में एकत्र हुए स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा काटा। यहां तक कि कनावनी पुस्ता मार्ग को भी जाम कर दिया। क्षेत्र के ही रहने वाली गायत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि ऊर्जा निगम की लापरवाही के चलते यह पांचवा हादसा हुआ है।

## तीन युवकों ने फंदे से लटककर दी जान

**गाजियाबाद।** कविनगर, सिहानी गेट और विजयनगर थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग युवकों ने फंदे से लटककर जान दे दी। कविनगर के शास्त्रीनगर और सिहानी गेट थाना क्षेत्र के जटवाड़ा में फंदा लगाने दोनों युवकों के नाम सचिन राठौर और सचिन वाल्मीकि हैं। जबकि विजयनगर की कांशीराम कालोनी में फंदा लगाकर जान देने वाले का नाम शाकिर है। पुलिस ने दोनों के शवों का मेडिकल परीक्षण कराकर उनके परिजनों को सौंप दिए हैं।

एडीसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि सिहानीगेट थाना क्षेत्र के जटवाड़ा मोहल्ले में बुधवार की रात करीब आठ बजे सचिन वाल्मीकि (26) का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस के अनुसार सचिन शराब पीने का आदी था और परिवार से अलग किराये के कमरे में रह रहा था। बुधवार की देर रात नशे की हालत में सचिन ने पटेलनगर निवासी भाभी को फोन किया और आत्महत्या करने की धमकी दी। सचिन को समझाने उसकी भाभी जटवाड़ा पहुंची तो कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से झांककर देखा तो सचिन का शव फंदे से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला और मेडिकल परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। उधर, कविनगर एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह शास्त्रीनगर में एक युवक का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। युवक का नाम सचिन राठौर(27) है और मेरठ में एसीसी सीमेंट कंपनी में काम करता था। परिजनों ने मुताबिक



घरेलू कलह के चलते सचिन राठौर ने आत्महत्या की है। सुबह जब वह उसे जगाने कमरे में पहुंचे तो सचिन राठौर का शव फंदे से लटका मिला। उधर एसीपी नगर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि विजयनगर थाना क्षेत्र की कांशीराम कालोनी में रहने वाला शाकिर (28) मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। बृहस्पतिवार की सुबह दंपती में कहासुनी के बाद शाकिर कमरे में गया और दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों का मेडिकल परीक्षण कराकर उनके परिजनों को सौंप दिए हैं। हालांकि तीनों में से किसी भी पीड़ित परिजन ने थानों में तहरीर नहीं दी है।

## दिल्ली में अभी भी खतरे के निशान से ऊपर यमुना, बाढ़ का खतरा बरकरार; राहत शिविरों में भी पानी



**नई दिल्ली :** दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पुराने लोहे के पुल की सड़क तक पानी पहुंचने की उम्मीद है। गुरुवार को पुराने रेलवे पुल पर नदी का जलस्तर 207.48 मीटर तक पहुंच गया था, जो इस सीजन का सबसे ऊंचा स्तर है। कुछ समय तक स्थिर रहने के बाद अब धीरे-धीरे इसमें कमी आनी शुरू हो गई है। सिग्नेचर ब्रिज से ड्रोन के जरिए तस्वीर ली गई। जहां लगातार बारिश के बाद यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। लगातार बारिश के बाद यमुना नदी के उफान पर आने और खतरे के निशान को पार करने के कारण निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को मयूर विहार फेज-1 के पास बनाए गए राहत शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया है। बाढ़ के पानी को बाहर निकालने के लिए वासुदेव घाट के आसपास के इलाकों में मशीनें लगाई गईं। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए, निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को एहतियात के तौर पर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर शुक्रवार सुबह 207.33 मीटर तक पहुंच गया है। जबकि चेतावनी स्तर 204.50 मीटर, खतरनाक स्तर 205.33 मीटर और हाई फ्लड लेवल 208.66 मीटर है।

**दिल्ली समेत एनसीआर में भी बाढ़ का खतरा :** सिविल लाइंस इलाके में स्थित मोनेस्ट्री मार्केट में पानी भरा हुआ है, क्योंकि यमुना नदी उफान पर है। शहर के कुछ हिस्सों में घुस गई है। भारी बारिश के बाद यमुना नदी के उफान पर आने और शहरों में प्रवेश करने से एनसीआर के कुछ हिस्सों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। नोएडा सेक्टर 135 में यमुना का पानी पहुंच गया है।

### घरों में घुसा पानी, एनडीआरएफ ने रेस्क्यू कर 30 लोगों को निकाला

**लोनी।** यमुना नदी के डूब क्षेत्र में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। इसके बाद भी कुछ परिवारों के लोग चोरी के डर से घरों को नहीं छोड़ रहे। प्रशासन की टीम दो दिनों से ऐसे लोगों को मनाने में जुटी है। बृहस्पतिवार को एनडीआरएफ की टीम ने ऐसे करीब 30 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला है। अभी करीब 12 घरों में एक-एक सदस्य अपनी जान पर खेल कर रह रहा है। कई किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं।



लोनी एसडीएम दीपक कुमार ने बताया कि हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने पर लोनी के डूब क्षेत्रों में पानी भरा है। एनडीआरएफ समेत अन्य टीमें बदरपुर समेत आसपास के गांवों में रह रहे लोगों को बाहर निकाल रही हैं। डूब क्षेत्र में रह रहे लोगों को बाहर निकालकर राहत शिविरों में जाने के लिए कहा गया है। हालांकि कई लोग शिविरों में जाने के लिए तैयार नहीं हैं।

लोगों का कहना है कि वह पुश्ता के ऊपर ही रहना चाहते हैं। प्रशासन की टीम ने ऐसे लोगों के लिए शिविर लगाए हैं। इन लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी लगातार शिविर में रह रहे लोगों की देखभाल कर रही है। लोगों के लिए दवाइयां भी उपलब्ध कराई हैं।

उन्होंने अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया है। आबादी वाले गांवों के लोगों को सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। एसडीएम ने बताया कि शाम के समय पानी घटने की जानकारी मिली है। जल्द पानी का लेवल नीचे पहुंच जाएगा।

#### सुबह पानी का लेबल 211,75 था

पहाड़ों में हो रही बारिश और हथनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी से यमुना नदी का जलस्तर 211.75 मीटर से ऊपर बना हुआ है। आपदा से बचाव के लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार तटबंध का निरीक्षण कर रहे हैं। प्रशासन ने प्रभावितों के लिए 12 शरण स्थल बनाकर भोजन और चिकित्सा की व्यवस्था की है।

#### पशुओं के चारे की समस्या बनी

पचायरा गांव के नंदलाल ने बताया कि पानी आने के बाद उनके साथ ही 40 अन्य परिवारों के लोग ऊपर पुश्ता पर आकर रह रहे हैं। बाढ़ का पानी भरने से 20 लाख रुपये से ऊपर का नुकसान हो गया है। प्रशासन ने परिवारों को खाने और पानी की व्यवस्था की जा रही है लेकिन उनके पशुओं के चारे की समस्या बनी हुई है।

### बेहोश कर चोरी करने वाला नेपाल मूल का आरोपी मुठभेड़ के बाद काबू

**गुरुग्राम।** अपराध शाखा सेक्टर-43 की पुलिस ने घरेलू सहायकों के साथ मिलकर चोरी करने वाले नेपाल मूल के आरोपी जगत बहादुर को मुठभेड़ के बाद काबू किया। आरोपी नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश करते थे, जिसके बाद ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपी फेसबुक पर अपना नाम बदलकर घरों में काम करने वाले नेपाल मूल के युवकों व युवतियों के साथ दोस्ती कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी से एक पिस्तौल, एक कारतूस, बैग में लोहा काटने का कट्टर, प्लास, पेचकश और घटनास्थल से छह खाली कारतूस बरामद किए।

अपराध शाखा सेक्टर-43 की पुलिस टीम को ताऊ देवीलाल पार्क सेक्टर-53 के पास नेपाल मूल का एक युवक घूमता दिखाई दिया। जब पुलिस ने युवक को रुकने के लिए कहा तो उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी। यह गोली पुलिस की सरकारी गाड़ी पर लगी। पुलिसकर्मियों ने युवक को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। इसके बाद आरोपी ने फिर से पुलिस टीम पर गोली चलाई। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में एक फायर आरोपी के पैरों में किया तो गोली आरोपी के पैर में लगी। गोली लगने से युवक घायल हो गया और पुलिस टीम ने उसको काबू कर लिया।

### ऑटो सेक्टर में जीएसटी कम होने से बढ़ेगी मांग

**गुरुग्राम।** ऑटोमोबाइल सेक्टर में जीएसटी में हुई कमी का गुरुग्राम के उद्यमियों ने स्वागत किया है। ऑटो पार्ट्स और ऑटोमोबाइल से जुड़े उद्यमियों का मानना है कि जीएसटी में कमी के कारण भारतीय बाजार में मांग बढ़ेगी। कारों और अन्य वाहनों के सस्ता होने का असर इस दिवाली पर नजर आ सकता है। गुरुग्राम के प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के चेयरमैन दीपक मैनी ने कहा कि ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स पर टैक्स कम होने से जो बचत होंगी, वह परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य जरूरतों पर खर्च होगी। ऑटो सेक्टर की इस बार वाकई दिवाली मन सकती है। जीएसटी घटाने से घर-परिवार और किसानों पर बोझ कम होगा तथा कारोबार की लागत घटेगी। इससे बचत बढ़ेगी। कादीपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा ने बताया कि जीएसटी कम होने से ऑटो सेक्टर के साथ कृषि उपकरणों का बाजार बढेगा। हमने पहले ही 28% जीएसटी हटाकर 18% जीएसटी का सुझाव दिया था।

## वाटरप्रूफ मोबाइल में खराबी पर आयोग ने लगाया 42 हजार का हर्जाना

**गाजियाबाद।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मोबाइल निमार्ता कंपनी सोनी इंडिया प्रा. लि. को उपभोक्ता को 42 हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया है। यह मामला ग्राहक विनोद कुमार त्यागी द्वारा खरीदे गए सोनी एक्सपीरिया जेड2 मोबाइल से जुड़ा हुआ है। इसमें तकनीकी खामियों के चलते उपभोक्ता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

लोनी के असालतपुर फर्रुखनगर निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उन्होंने 31 अक्तूबर 2014 को 37 हजार रुपये नकद भुगतान कर मोबाइल खरीदा था। विक्रेता ने मोबाइल को वाटरप्रूफ और उच्च गुणवत्ता वाला बताया था लेकिन खरीद के तुरंत बाद



ही मोबाइल में हैंगिंग, नेटवर्क समस्या, गर्म होना, बैटरी जल्दी खत्म होना और फाइल अपने आप खुलने जैसी कई तकनीकी खराबियां सामने आईं।

> उपभोक्ता ने इस दावे के समर्थन में इंटरनेट से प्राप्त सामग्री और शपथ पत्र भी आयोग में प्रस्तुत किया। आयोग की पीठ (शैलजा सचान, आरपी सिंह) ने माना कि यदि मोबाइल वाटरप्रूफ था, तो उसमें लिक्विड डैमेज नहीं होना चाहिए था। इस प्रकार, कंपनी द्वारा सेवा में कमी स्पष्ट रूप से सिद्ध होती है।

शिकायत के बाद उपभोक्ता को सलाह दी गई कि वे सर्विस सेंटर से संपर्क करें। कई बार मोबाइल दिखाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। रिपोर्ट में लिक्विड डैमेज की बात कही गई, जबकि मोबाइल को वाटरप्रूफ बताया गया था। उपभोक्ता ने इस दावे के समर्थन में इंटरनेट से प्राप्त सामग्री और शपथ पत्र भी आयोग में प्रस्तुत किया। आयोग की पीठ (शैलजा सचान, आरपी सिंह) ने माना कि यदि मोबाइल वाटरप्रूफ था, तो उसमें लिक्विड डैमेज नहीं होना चाहिए था। इस प्रकार, कंपनी द्वारा सेवा में कमी स्पष्ट रूप से सिद्ध होती है।

फैसले में आयोग के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने सोनी इंडिया प्रा. लि. को आदेशित किया कि वह उपभोक्ता को 37 हजार रुपये मोबाइल कीमत और पांच हजार रुपये मानसिक क्षति व परिवाद व्यय 45 दिनों के भीतर अदा करें।

## टैक्स दरों में कटौती से कारोबारियों को मिलेगी राहत

**फरीदाबाद।** सेक्टर-76 स्थित नेक्स्ट सोसाइटी की मार्केट में दुकानदारों ने जीएसटी सुधारों को लेकर राहत की बात कही की। दुकानदारों का कहना है कि सरकार कि ओर से की गई टैक्स दरों में कटौती से आम उपभोक्ता के साथ-साथ कारोबारियों को भी राहत मिलेगी। संवाद कार्यक्रम में जनरल स्टोर चलाने वाले दुकानदारों ने बताया कि अब रोजमर्रा की जरूरत के सामान जैसे टूथपेस्ट, साबुन, शैम्पू, तेल और डेयरी उत्पादों पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे सीधे तौर पर उपभोक्ता को फायदा होगा और बिक्री में भी इजाफा होने की संभावना है। स्टेशनरी दुकानदारों का कहना है कि कॉपियों, किताबों, पेंसिल और क्रेयॉन जैसे शैक्षणिक सामग्री को टैक्स-फ्री कर देना छात्रों और अभिभावकों के लिए बड़ा राहत भरा कदम है। फामेर्सी संचालकों ने भी कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में टैक्स कम करना सराहनीय है। दवाइयों, ऑक्सीजन सिलिंडर और टेस्टिंग किट पर टैक्स घटने से इलाज की लागत कम होगी और मरीजों को राहत मिलेगी। दुकानदारों का कहना है कि सरकार का यह निर्णय आने वाले दिनों में बाजार को रौनक देगा और आम आदमी को सीधा लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की जरूरत का सामान सस्ता हुआ है, इससे ग्राहकों की भीड़ बढ़ेगी और कारोबार में जान आएगी।

## संयुक्त अस्पताल में ठप हुई जांच, मरीजों की बढ़ी परेशानी

**गाजियाबाद।** संजयनगर के संयुक्त जिला अस्पताल में बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन खराब होने से लिवर, गुर्दा और अन्य जरूरी जांचें पूरी तरह ठप हो गई। इससे जांच कराने आए मरीजों को परेशानी हुई। कई मरीज बिना जांच कराए वापस हुए, जबकि कईयों ने निजी लैब में जांच कराई। बृहस्पतिवार को पूरे दिन लैब में जांच संबंधी सैंपल नहीं लिए गए।



सामान्य दिनों में 250 से 300 लोगों की खून संबंधित जांचें होती हैं। वहीं, एमएमजी अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन खराब होने से एक घंटे तक जांच बंद रही। बाद में तकनीकी परेशानी दूर होने से जांच दोबारा शुरू की गई।

संयुक्त अस्पताल की पैथोलॉजी विभाग में दो बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीनें लगी हैं। इनसे रोजाना लगभग 250 से 300 मरीजों की जांच होती है।

इनमें लिवर फंक्शन, किडनी फंक्शन, लिपिड प्रोफाइल, यूरिया, प्रोटीन, यूरिक एसिड समेत करीब 30 प्रकार की जांचें शामिल हैं। बुधवार दोपहर मशीन खराब हो गई थी, तब से लेकर बृहस्पतिवार तक कोई सैंपल नहीं लिया गया।

### मशीन खराब है, बाद में आना

गोविंदपुरम से आए 55 वर्षीय सुरेश कुमार को डॉक्टर ने लिवर जांच के लिए भेजा था। सुरेश सुबह साढ़े नौ बजे अस्पताल पहुंचे और लंबी कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। जब उनकी बारी आई तो लैब टेक्नीशियन ने उन्हें लौटा दिया और बताया कि मशीन खराब है। सुरेश ने बताया कि वह पहले ही तीन दिन से छुट्टी लेकर आए हैं और अब उन्हें प्राइवेट लैब में जाकर जांच करानी पड़ेगी जो कि काफी महंगी है।

### निजी लैब में 500 रुपये में कराई जांच

कृष्णा कालोनी से आईं 60 वर्षीय शकुंतला देवी को गुर्दे की समस्या है। डॉक्टर ने तुरंत जांच कराने को कहा था लेकिन अस्पताल में मशीन खराब होने की वजह से उनका सैंपल नहीं लिया गया।

## बेहोश कर चोरी करने वाला नेपाल मूल का आरोपी मुठभेड़ के बाद काबू

**गुरुग्राम।** अपराध शाखा सेक्टर-43 की पुलिस ने घरेलू सहायकों के साथ मिलकर चोरी करने वाले नेपाल मूल के आरोपी जगत बहादुर को मुठभेड़ के बाद काबू किया। आरोपी नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश करते थे, जिसके बाद ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपी फेसबुक पर अपना नाम बदलकर घरों में काम करने वाले नेपाल मूल के युवकों व युवतियों के साथ दोस्ती कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी से एक पिस्तौल, एक कारतूस, बैग में लोहा काटने का कट्टर, प्लास, पेचकश और घटनास्थल से छह खाली कारतूस बरामद किए। अपराध शाखा सेक्टर-43 की पुलिस टीम को ताऊ देवीलाल पार्क सेक्टर-53 के पास नेपाल मूल का एक युवक घूमता दिखाई दिया। जब पुलिस ने युवक को रुकने के लिए कहा तो उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी। यह गोली पुलिस की सरकारी गाड़ी पर लगी। पुलिसकर्मियों ने युवक को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। इसके बाद आरोपी ने फिर से पुलिस टीम पर गोली चलाई। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में एक फायर आरोपी के पैरों में किया तो गोली आरोपी के पैर में लगी। गोली लगने से युवक घायल हो गया और पुलिस टीम ने उसको काबू कर लिया। युवक ने अपनी पहचान कैलाली (नेपाल) के वार्ड-9 टिकनपुर निवासी जगत बहादुर (35 वर्ष) के रूप में कराई। गोली लगने से घायल होने पर युवक



आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार।

को पुलिस ने उपचार के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने एफएसएल व सीन ऑफ क्राइम की टीमों को बुलवाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। आरोपी जगत बहादुर द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने व पुलिस टीम पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने पर उसके खिलाफ सेक्टर-53 थाने में बीएनएस व शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया।

**फर्जी आईडी बनाकर करता था काम**

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी फर्जी आईडी से ऐसे लोगों (नेपाल के लड़के व लड़कियों) से दोस्ती करता था, जो भारत में किसी के घर में रहकर नौकरी कर रहा हो। उनसे दोस्ती करने के बाद वह भारत आता और उन दोस्तों के साथ मिलकर मकान मालिक व उसके घरवालों को किसी पेय में नशीला पदार्थ मिलाकर उन्हें बेहोश कर देता है। इसके बाद घरों व फ्लैटों से चोरी की वारदात को अंजाम देता था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह चोरी करने के बाद सामान को टैक्सी में रखकर वापस नेपाल ले जाता है। फिर नए फर्जी नाम से दूसरे लोगों से दोस्ती करता और चोरी की वारदातों को अंजाम देता। आरोपी ने पिछले साल अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मुंबई में करीब 20 लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

## अधिवक्ताओं ने चैंबर की मांग को लेकर लगाया जाम

**गुरुग्राम।** टावर ऑफ जस्टिस परिसर में चैंबर देने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को अधिवक्ता अदालत परिसर के बाहर सड़क पर उतर आए। अधिवक्ताओं की तरफ से लगाए गए जाम के कारण राजीव चौक से लेकर सुभाष चौक तक यातायात बाधित रहा। दूसरी तरफ से सोहना बस अड्डे तक जाम पहुंच गया। दो घंटे तक जाम लगाया गया। इस दौरान वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतर आए। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिसकर्मी भी पहुंचे। इस दौरान पुलिसकर्मी अधिवक्ताओं को एक तरफ करके वाहनों को निकालने की कोशिश में जुटे रहे। अधिवक्ताओं को समझाने के लिए एसडीएम प्रदीप चहल पहुंचे। उनके आश्वासन के बाद अधिवक्ता सड़क से हट गए।

क्रिकेट को अलविदा

# अमित मिश्रा का क्रिकेट के सभी प्रारूप से संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज लेग स्पिनर रहे अमित मिश्रा ने गुरुवार को क्रिकेट के हर प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी। वह आईपीएल में भी खेलते नजर नहीं आएंगे। मिश्रा को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्याप्त मौके नहीं मिले , लेकिन आईपीएल का वह एक बड़ा चेहरा रहे हैं। 2008 से 2024 के बीच अलग-अलग टीमों का हिस्सा रहते हुए उन्होंने लीग के सफलतम गेंदबाजों में अपना नाम शुमार किया है। अमित मिश्रा 2008 से 2024 के बीच दिल्ली डेयरडेविल्स, डेक्कन चार्जर्स , सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स और एलएसजी के लिए खेले। इस दौरान मिश्रा ने 162 मैचों में 174 विकेट लिए। अमित मिश्रा आईपीएल इतिहास में तीन बार हैट्रिक लेने वाले एकमात्र गेंदबाज हैं। तीनों हैट्रिक उन्होंने अलग-अलग टीमों के लिए खेलते हुए लिए हैं। मिश्रा ने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स, 2011 में डेक्कन चार्जेस और 2013 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए हैट्रिक लिए। आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वालों की सूची में अमित मिश्रा आठवें स्थान पर हैं। 2020 लेकर 2024 के मिश्रा को सिर्फ 15 मैच खेलने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने 17 विकेट मिले। पिछले चार साल में अगर उन्हें पर्याप्त मौके मिले होते तो आईपीएल के सफलतम गेंदबाजों की सूची में उनका नाम और ऊपर होता।

### उपयोगी बल्लेबाज भी रहे

मिश्रा एक बेहतरीन लेग स्पिनर रहे हैं। 2003 से लेकर 2017 के बीच 22 टेस्ट में 76, 36 वनडे में 64 और 10 टी20 में 16 विकेट उन्होंने लिए। वह निचले क्रम के एक उपयोगी बल्लेबाज भी रहे। टेस्ट में उनके चार अर्धशतक हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 84 है, जो उन्होंने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में टेस्ट में बनाया था।

25 वर्ष के हुए अभिषेक

# उधार का बैट लेकर ठोका अपना पहला शतक

### दिग्गजों ने शुभकामनाएं दी

अभिषेक शर्मा ने केवल 47 गेंदों में 8 छक्के और 7 चौकों की मदद से 100 रनों की पारी खेली. शुभमन गिल अभिषेक के बचपन के दोस्त हैं. जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार पारी खेलने से पहले ही अभिषेक ने बड़ा कमाल किया था. 4 सितंबर को अभिषेक शर्मा को बर्थडे है, जिस पर उन्हें उनको शुभकामनाएं दी हैं.

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपने दूसरे ही टी-20 मैच में शतक ठोकने वाले टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 25 साल के हो गए हैं. उन्होंने जुलाई 2024 को जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने दूसरे ही मैच में शतक बनाया था. इस दौरान हैरान करने देने वाली बात ये थी कि उन्होंने ये शतक उधार के बल्ले से ठोका था. बाएं हाथ का ये बल्लेबाज अब तक टी-20 में दो शतक ठोक चुका. इससे पहले भी इस खिलाड़ी ने कई कमाल की पारियां खेली थी. उन्होंने केवल 7 मैचों 1200 से ज्यादा रन बनाकर सबको हैरान कर दिया था. आइए हम उनके बारे में पांच बड़ी बातें आपके साथ साझा करते हैं. अभिषेक शर्मा ने अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत जुलाई 2024 को जिम्बाब्वे के खिलाफ की थी. पहले मैच में वो खाता भी नहीं खोल पाए थे, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने कमाल कर दिया. उन्होंने अपने दोस्त शुभमन गिल के बल्ले से शानदार शतक ठोक दिया.




## शाकिब अल हसन का रिकॉर्ड तोड़ा, 73 रनों की रिकॉर्ड पारी खेली

# एशिया कप से पहले बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने रचा इतिहास




**टी20 में सबसे ज्यादा 50+ रन**

| | |
|---|---|
| विराट कोहली (भारत) | 39 |
| बाबर आजम (पाकिस्तान) | 39 |
| रोहित शर्मा (भारत) | 37 |
| मोहम्मद रिजवान (पाकिस्तान) | 31 |
| डेविड वार्नर (ऑस्ट्रेलिया) | 29 |

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने बुधवार को नीदरलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में 73 रनों की रिकॉर्ड पारी खेली. एशिया कप अभियान से पहले ये उनके मनोबल को बढ़ाएगा. हालांकि बारिश के कारण तीसरा टी20 रद्द हो गया और 3 मैचों की सीरीज बांग्लादेश ने 2-0 से अपने नाम की. तीसरे टी20 में अर्धशतक लगाकर लिटन दास ने शाकिब अल हसन का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा. तीसरे टी20 में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. कप्तान लिटन दास सैफ हसन के साथ ओपनिंग पर उतरे, उन्होंने 46 गेंदों में 158.70 की स्ट्राइक रेट से 73 रन बनाए. इस पारी में उन्होंने 4 छक्के और 6 चौके जड़े. 18.2 ओवरों तक बांग्लादेश का स्कोर 164/4 था, जब बारिश की वजह से मैच रुका और फिर इसके बाद दोबारा शुरू नहीं हो सका.

### लिटन दास इस लिस्ट में बने नंबर-1

इस अर्धशतकीय पारी के बाद लिटन दास बांग्लादेश के लिए अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. पहले टॉप पर शाकिब अल हसन थे, जिन्होंने 129 मैचों की 127 पारियों में 13 अर्धशतक लगाए हैं. लिटन दास का ये 14वां टी20 अर्धशतक है, वह इस लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए हैं. उनके टी20 करियर की बात करें तो 110 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 2437 रन बनाए हैं, इसमें 77 छक्के और 235 चौके हैं.

### वर्ल्ड में नंबर-1 है विराट कोहली!

दुनिया में सबसे ज्यादा टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 50 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में विराट कोहली संयुक्त रूप से बाबर आजम के साथ टॉप पर है. दोनों ने 39-39 बार ऐसा किया है. विराट कोहली टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं जबकि बाबर आजम अभी टीम से बाहर चल रहे हैं. बाबर एशिया कप 2025 के लिए पाकिस्तान स्क्वाड में नहीं चुने गए.बांग्लादेश क्रिकेट टीम एशिया कप 2025 के ग्रुप बी में शामिल है. उनके साथ इस ग्रुप में अफगानिस्तान, श्रीलंका और हांगकांग की टीम है. ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई हैं. बांग्लादेश का पहला मैच 11 सितंबर को हांगकांग के साथ है.

### जीएसटी स्लैब में बदलाव

# आईपीएल टिकटों पर 40 टैक्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरों का असर अब खेल जगत पर भी गहराई से पड़ने वाला है। हाल ही में जीएसटी काउंसिल ने स्लैब में बदलाव करते हुए खेल और उससे जुड़े आयोजनों पर टैक्स को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।सबसे बड़ा बदलाव क्रिकेट के इंडियन प्रीमियर लीग जैसे आयोजनों पर देखने को मिलेगा। अब आईपीएल जैसे खेल आयोजनों में प्रवेश (टिकट) पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इसका सीधा असर टिकट की कीमतों पर पड़ेगा और दर्शकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ सकता है। हालांकि, यह 40 प्रतिशत की दर सिर्फ आईपीएल जैसे आयोजनों पर लागू होगी। दूसरी ओर, मान्यता प्राप्त खेल आयोजनों पर यह भारी कर नहीं लगाया जाएगा। यदि किसी मान्यता प्राप्त खेल आयोजन का टिकट 500 रुपये तक है तो वह पहले की तरह जीएसटी से मुक्त रहेगा। वहीं 500 रुपये से अधिक कीमत वाले टिकटों पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी जारी रहेगा।

एशिया कप 2025

# 12 गेंद में अर्धशतक ठोकने वाला बना कप्तान, पाकिस्तान छोड़ते ही चमकी किस्मत




नई दिल्ली, एजेंसी। एशिया कप के लिए यूएई की टीम ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. इस टीम में 17 खिलाड़ी चुने गए हैं जिसकी कप्तानी मुहम्मद वसीम को मिली है. मुहम्मद वसीम यूएई के धाकड़ बल्लेबाजों में से एक हैं, वो पिछले दो सालों से टी20 क्रिकेट में कमाल प्रदर्शन कर रहे हैं और 2023 में ही उन्हें टी20 टीम की कप्तानी मिली थी और एशिया कप जीतने के लिए अब यूएई ने उनपर ही भरोसा दिखाया है. यूएई की टीम की बात करें तो वो ग्रुप ए में भारत, ओमान और पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगी. यूएई का पहला मैच 10 सितंबर को भारत से है. ये मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा.

मुहम्मद वसीम (कप्तान), आलीशान शराफू, आर्यांश शर्मा, आसिफ खान, ध्रुव पराशर, इथा डिसूजा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मतिउल्लाह खान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद जोहेब, राहुल चोपड़ा, रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह और सागिर खान.

मुहम्मद वसीम को यूएई का कप्तान मिली है जो कि यूएई ही नहीं पूरे गल्फ के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं. दाएं हाथ का ये ओपनर हाल ही में टी20 में सबसे ज्यादा छक्के मारने वाला कप्तान बना है. मुहम्मद वसीम ने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा था. मुहम्मद वसीम पाकिस्तान के बलूचिस्तान में पैदा हुए लेकिन साल 2017 में वो यूएई आ गए. यहां उन्होंने सेल्समैन की नौकरी करते हुए क्लब क्रिकेट खेलना शुरू किया और जल्द ही वो देश के टॉप खिलाड़ियों में शामिल हो गए.

31 साल के इस खिलाड़ी ने यूएई के लिए 80 टी20 मैचों में 38 से ज्यादा की औसत से 2859 रन बनाए हैं. टी20 इंटरनेशनल में वसीम 3 शतक ठोक चुके हैं. उनका स्ट्राइक रेट भी 150 से ज्यादा का है. ये खिलाड़ी टी10 टूर्नामेंट में सिर्फ 12 गेंदों में अर्धशतक लगाने का कमाल कर चुका है. गजब की बात ये है कि मुहम्मद वसीम ने गली में टेप बॉल क्रिकेट खेला है और उसी तकनीक से वो इंटरनेशनल क्रिकेट में भी छक्कों की बारिश करते हैं. अब देखना ये है कि ये खिलाड़ी एशिया कप में क्या करता है. वैसे उनकी फॉर्म इस वक्त कमाल है.

एशिया कप हॉकी

## महिला एशिया कप हॉकी में नए सिरे से शुरूआत करने उतरेगी भारतीय टीम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन (चार) के बाद भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से परेशान भारतीय महिला हॉकी टीम अतीत की नाकामियों को भुलाकर शुक्रवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले मैच में निचली रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ जीत के साथ शुरूआत करने उतरेगी। विश्व रैंकिंग में नौंवे स्थान पर काबिज भारतीय टीम पूल बी के मैच में 30वीं रैंकिंग वाली थाईलैंड टीम से खेलेगी। भारत पूल में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है जिसमें जापान (12), थाईलैंड और सिंगापुर (31) भी है। पूल ए में चीन, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया और चीनी ताइपे हैं।चीन (चार) के बाद भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। थाईलैंड के बाद भारत का सामना शनिवार को जापान से और आठ सितंबर को सिंगापुर से होगा।अनुभवी गोलकीपर सविता और ड्रैग फ्लिकर दीपिका को लगी चोटों से भारतीय टीम कमजोर हुई है। सविता टखने की चोट के कारण बाहर है जो उन्हें अभ्यास सत्र के दौरान लगी थी। दीपिका की जगह साक्षी खेल रही हैं। फॉरवर्ड और ड्रैग फ्लिकर दीपिका ने पिछले कुछ अर्से में शानदार प्रदर्शन किया है। इन दोनों के नहीं खेलने से कप्तान सलीमा टेटे, नवनीत कौर, उदिता, नेहा, शर्मिला देवी और लालरेम्सियामी पर अधिक दारोमदार होगा। भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन इस साल अच्छा नहीं रहा है और एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में आखिरी स्थान पर रहने के बाद टीम नीचे खिसक गई। भारत ने एशिया कप 2004 और 2017 में जीता है। भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को भी पता है कि प्रो लीग के खराब प्रदर्शन के बाद उन पर अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव होगा। भारत ने प्रो लीग के 16 मैचों में 100 से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर गंवाये जिनमे से 17 बेल्जियम के खिलाफ ही गंवा दिए। टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी और हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर 4 चरण में पहुंचेंगी। सुपर 4 चरण की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को फाइनल खेलेंगी।

## दलीप ट्रॉफी : सेमीफाइनल में रुतुराज गायकवाड़ ने जड़ा 8वां फर्स्ट क्लास शतक

दलीप ट्रॉफी 2025 में वेस्ट जोन और सेंट्रल जोन के बीच चल रहे सेमीफाइनल मैच में रुतुराज गायकवाड़ ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए अपना 8वां फर्स्ट क्लास शतक जड़ा। चोट से उबरने और बुची बाबू टूर्नामेंट में कुछ मैच खेलने के बाद वापसी करते हुए गायकवाड़ ने रजत पाटीदार की अगुवाई वाले सेंट्रल जोन के खिलाफ पहले दिन के दूसरे सत्र में 131 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया।इस मैच में सभी की निगाहें श्रेयस अय्यर पर थी जिन्हें टी20 एशिया कप 2025 के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी। लेकिन अच्छी शुरुआत के बाद 28 वर्षीय अय्यर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अहमद की गेंद पर बोल्ड आउट हो गए। उन्होंने 28 गेंदों में 25 रन की पारी में चार चौके लगाए। इससे पहले शार्दुल ठाकुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पारी की शुरूआत खलील ने पहले ओवर में जायसवाल को स्टंप्स के सामने आउट करने से की। दीपक चाहर ने चौथे ओवर में हार्विक देसाई को आउट किया। फिर गायकवाड़ ने पारी को आगे बड़ाते हुए तीसरे विकेट के लिए आर्य देसाई के साथ 82 रनों की साझेदारी की। पहले सत्र के अंत में आर्य को हर्ष दुबे ने 84 गेंदों में 39 रन पर आउट कर दिया।

## यूपी टी20 लीग में मैच फिक्सिंग का साया! मन-मुताबिक खेलने की फिक्सर ने की डिमांड... इंस्टाग्राम से रचा षडयंत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपी टी-20 लीग 2025 में मैच फिक्सिंग की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है. काशी रुद्रास टीम के मैनेजर अर्जुन चौहान को सोशल मीडिया के जरिए एक करोड़ रुपये का ऑफर दिया गया. आरोप है कि फिक्सर चाहता था कि टीम का एक खिलाड़ी उसकी बताई गई रणनीति के हिसाब से खेले. इस प्रस्ताव को अर्जुन चौहान ने तुरंत ठुकरा दिया और इसकी जानकारी बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को दी. मैच फिक्सर ने कैसे रचा फिक्सिंग का षडयंत्र?




बीसीसीआई की पड़ताल में सामने आया कि संदिग्ध यूजर लगातार अर्जुन से बातचीत करने की कोशिश कर रहा था और उस पर दबाव बना रहा था. पहले प्रमोशन कराने की बात की गई, फिर कॉल करने का प्रयास हुआ और इसके बाद मैच फिक्स करने का सीधा प्रस्ताव रख दिया गया. यूजर ने कहा कि एक करोड़ रुपये मिलेंगे, जिसमें से 50 लाख अर्जुन अपने पास रख सकते हैं. रकम अमेरिकी डॉलर में ऑनलाइन ट्रांसफर करने की बात भी कही गई.

इस पूरे मामले में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के क्षेत्रीय सत्यनिष्ठा प्रबंधक हरदयाल सिंह चंपावत ने शिकायत दर्ज कराई है. वह एंटी करप्शन यूनिट, मध्य क्षेत्र जयपुर में पदस्थ हैं और फिलहाल लखनऊ में तैनात हैं.

# बंदूकबाज बेटी पर गर्व कीजिए

### सुरुचि सिंह ने सिर्फ मनु भाकर ही नहीं, इन धुरंधर चीन की शूटरों को भी पछाड़ा, बनीं वर्ल्ड नंबर वन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शूटिंग के लिए गर्व का पल है। युवा भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शानदार विश्व कप सीजन के बाद करियर में पहली बार महिला एयर पिस्टल में विश्व नंबर 1 रैंकिंग हासिल की। उन्होंने न सिर्फ ओलंपिक में दो मेडल जी चुकी देश की सूरमा बंदूकबाज मनु भाकर को पीछे छोड़, बल्कि कई बड़ी चीनी शूटरों पर भी भारी पड़ीं। सुरुचि 4162 अंकों के साथ वर्तमान में विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर हैं और अगले तीन चीनी निशानेबाजों से आगे हैं। उन्होंने इसी साल सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया और लगातार तीन व्यक्तिगत विश्व कप खिताब जीतकर अपने करियर की शानदार शुरुआत की। यह उपलब्धि 19 वर्षीय भारतीय निशानेबाज के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, क्योंकि वह अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हैं। सरुचि की हमवतन और पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर वर्तमान में 1988 की रेटिंग के साथ महिला एयर पिस्टल विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर हैं। मौजूदा एशियाई चैंपियन, सिफत कौर समरा, महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन श्रेणी में वर्तमान आईएसएसएफ विश्व रैंकिंग में शीर्ष तीन में शामिल एकमात्र अन्य भारतीय निशानेबाज हैं। वह वर्तमान में 3034 की रेटिंग के साथ विश्व में दूसरे स्थान पर हैं, जो नॉर्वे की म्यूनिख विश्व कप चैंपियन जीनेट हेग डुएस्टैड से थोड़ा पीछे है।

**महिला 10 मीटर एयर पिस्टल रैंकिंग की टॉप-शूटर**

| रैंक | रेटिंग | नाम | देश |
|---|---|---|---|
| 1 | 4162 | सुरुचि इंदर सिंह | भारत |
| 2 | 3195 | याओ कियानक्सुन | चीन |
| 3 | 2178 | कियान वेई | चीन |
| 4 | 2158 | जियांग रानक्सिन | चीन |
| 5 | 2020 | जेड्रेजेव्स्की केमिल | फ्रांस |
| 6 | 1988 | भाकर मनु | भारत |



### रायसेन स्थित शास. शिक्षा परिसर में कन्या फल उद्यान बनाने रोपित किए गए फलदार पौधे

# पर्यावरण संरक्षण के लिए करें अधिक से अधिक पौधरोपण



**रायसेन (निप्र)।** रायसेन में स्थित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित पौधरोपण महाअभियान कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, एसपी श्री पंकज कुमार पांडे, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, सहायक कलेक्टर श्री कुलदीप पटेल सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप प्रत्येक नगर में एक नगर वन बनाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में यहां कन्या शिक्षा परिसर में आज एक हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। यह सभी पौधे फलदार वृक्ष बनेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की महती आवश्यकता है और हम सभी की जिम्मेदारी भी। पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को पौधरोपण करना चाहिए और उस पौधे की वृक्ष बनने तक देखभाल और सुरक्षा करना चाहिए। कार्यक्रम में विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि रायसेन के विकास के लिए 06 पैरामीटर पर्यावरण, स्वच्छता और सुंदरता, आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में बेहतर काम किया जा रहा है जिससे कि रायसेन विकास के मामले में आदर्श बनें। इसके साथ ही नवीन विकास कार्यो के लिए भी वह काम कर हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरू कर नागरिकों को पौधरोपण से जोड़ने का काम किया है। सभी को अपने परिजनों के नाम से, उनकी स्मृति में या जीवन के महत्वपूर्ण दिवसों पर पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। आज शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में भी वृहद स्तर पर पौधरोपण गया है। यह पौधे बड़े होकर वृक्ष बनेंगे तथा परिसर की हरियाली को ओर बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा श्री राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार पाण्डे ने कहा कि आज यहां व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया है। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर हरित परिसर है। आज किए गए पौधरोपण से यह परिसर और भी मनोरम होगा। यह पौधे बड़े होकर फलदार वृक्ष बनेंगे। छात्राएं भी प्रकृति को हरा-भरा बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं और रोपित पौधों की देखरेख करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि एक बगिया माँ के नाम अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को कृषि भूमि पर फलदार पौधों के रोपण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पीओ डूडा तथा रायसेन सीएमओ सुरेखा जाटव ने नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित पौधरोपण महाअभियान कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विधायक डॉ चौधरी ने पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की दिलाई शपथ कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्राओं को दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने पर्यावरण को हरभरा बनाने, अधिक से अधिक पौधे लगाने और पहले से लगे वृक्षों को कटने से बचाने के लिए लोगों को जागृत करने की शपथ दिलाई गई।

नदियों के उद्गम स्थल से जल से भरकर लाए कलश जनप्रतिनिधियों को सौंपे कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले में स्थित विभिन्न नदियों के उद्गम स्थलों से जल से भरकर लाए गए कलशों को जनप्रतिनिधियों को सौंपा। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भदौरिया ने कहा कि रायसेन जिले में कई नदियों का उद्गम होता है। इन उद्गम स्थलों से नदियों का जल कलश में भरकर यहां लाया गया है तथा यह कलश पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल को सौंपे जाएंगे। इन कलशों में झिरी बहेड़ा से निकली बेतवा नदी, ग्राम जलसंधि से निकली धसान नदी का जल, सियरमऊ से निकली बेबस नदी का जल, गैरतगंज से निकली बीना नदी का जल, अमरावदखुर्द से निकली रीछन नदी का जल, ग्राम पांझिर से निकली बारना नदी तथा तेन्दुनी नदी का जल है।




# कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने की हिट एण्ड रन पीड़ित प्रतिकार योजना की समीक्षा

### आगामी एक सप्ताह में लंबित प्रकरणों को निराकृत करने के दिए निर्देश

**रायसेन (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हिट एण्ड रन पीड़ित प्रतिकार योजना 2022 की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार पाण्डे भी सम्मिलित हुए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने हिट एण्ड रन पीड़ित प्रतिकार योजना-2022 के तहत वर्ष 2024 से अभी तक के प्रकरणों तथा उनमें की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही कर पीड़ितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि हिट एण्ड रन पीड़ित प्रतिकार योजना के तहत वर्ष 2024 में अज्ञात वाहन से दुर्घटना के कुल 51 मामलों में 39 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है जिनमें से 22 मृतकों के परिवारजनों द्वारा एसडीएम और तहसील कार्यालय में आवेदन दिए गए हैं। इनमें से दो प्रकरणों में मृतकों के परिवारजनों को दो-दो लाख रू के मान से कुल चार लाख रू मुआवजा राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने आगामी सात दिवस में शेष प्रकरणों को निराकृत कर जिला स्तर पर भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी अवधि में अज्ञात वाहन से दुर्घटना में घायल 28 व्यक्तियों में से 08 व्यक्तियों द्वारा आवेदन दिए गए हैं जिनमें से तीन घायलों को कुल 157500 रू मुआवजा राशि प्रदान की गई है। शेष प्रकरणों में कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार वर्ष 2025 में 01 जनवरी से 31 जुलाई 2025 तक अज्ञात वाहन से हुई 29 दुर्घटनाओं में 20 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। इनमें 12 मृतकों के परिवारजनों द्वारा एसडीएम या तहसील कार्यालय में आवेदन दिया गया है जिनमें निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। इसी अवधि में अज्ञात वाहन से दुर्घटना में 09 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए है तथा जिनमें से 06 व्यक्तियों द्वारा मुआवजे हेतु आवेदन दिया गया है जिस पर कार्यवाही की जा रही है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार उपाध्याय, एएसपी श्री कमलेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशानुसार स्कूली वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत आज जिला परिवहन अधिकारी द्वारा त्योंदा एवं कस्बा बागरोद स्थित विद्यालयों के वाहनों का निरीक्षण किया गया। कार्यवाही के दौरान ज्ञानदीप कॉन्वेंट स्कूल, घटेरा की दो बसें तथा गुरुकुल फाउंडेशन स्कूल, कस्बा बागरोद की दो बसें बिना आवश्यक वैध प्रपत्रों के पाई गईं। संबंधित बसों पर चालानी कार्यवाही की गई एवं प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में वाहनों को जब्त कर विद्यालय परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से रखा गया।

### हरदा जिला एथलेटिक संघ के धावकों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते पदक

**हरदा (निप्र)।** जबलपुर में आयोजित 61 वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरदा के धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया और हरदा का नाम रोशन किया। रोशन करने वाले धावकों में हिमांशु शर्मा ने 100-200 मीटर में स्वर्ण पदक, आदर्श मोरिया ने 800 मी में गोल्ड मेडल, मंगल यादव ने 800 मीटर में ब्रास मेडल, मोहित यादव ने 1500 मी में गोल्ड मेडल, कृष्णा मिलन सिंह ने 1500 मीटर में सिल्वर मेडल, शांति बाई ने 1 किलोमीटर में गोल्ड मेडल, आरती तोमर ने 1 किलोमीटर में ब्रास मेडल तथा ऋषि मावा ने 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। इस अवसर पर हरदा जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष श्री नितेश बादर, सचिव श्री आनंद तिवारी, श्री उत्तम तेंगुरिया, श्री रामनिवास जाट, श्री राजेश बिलिया, सुश्री सलमा खान ने बधाई दी।

### धरती आबा केम्पो का आयोजन जारी



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में धरती आबा अभियान के तहत चिन्हित 86 ग्रामो में विशेष शिविरो का पुनः आयोजन किया जा रहा है ताकि किन्ही कारणो से शत प्रतिशत हितलाभ से वंचित हितग्राहियों को योजनाओं के तहत हितलाभ मुहैया कराया जा सके। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्रामवार चिन्हित हितग्राहियों में से शेष बचे हितग्राहियों को जिन विभागो की योजनाओं से लाभांवित किया जाना है उन विभागो के जिलाधिकारियों को विशेष तौर पर निर्देशित किया गया है कि ग्राम स्तरीय शिविरो में स्वंय व अधीनस्थो की उपस्थिति सुनिश्चित करें ओर विभागीय योजनाओं के हितलाभ से कोई वंचित ना रहें कि सफल कार्यवाही संपादित करें। आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक ने बताया कि आज मंगलवार को बासौदा विकासखण्ड के ग्राम कोहना में धरती आबा अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें वित्तीय साक्षरता की भी जानकारी सांझा की गई है इस दौरान कृषि विभाग के उप संचालक श्री केएस खपडिया, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक श्री सोलंकी समेत अन्य विभागो के अधिकारियों के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है।

# सांसद, विधायक एवं डीएमएफ निधि के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं

### सितंबर माह के अंत में पुनः होगी समीक्षा

**बैतूल (निप्र)।** सांसद निधि, विधायक निधि, डीएमएफ और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क अवसंरचना विशेष निधि के प्रस्तावित विकास कार्यों की मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य श्री दुर्गादास उईके, विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल, विधायक श्री महेंद्र सिंह चौहान, विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, विधायक श्री चंद्रशेखर देशमुख, विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके ने विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जनप्रतिनिधि ने अपने क्षेत्र में इन निधियों के प्रस्तावित कार्यों में प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी ली। विधायक श्री खंडेलवाल ने प्रमुख रूप से महिला एवं बाल विकास, शिक्षा , लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, एमपीईबी और स्वास्थ विभाग से जानकारी ली कि डीएमएफ निधि से ऐसे कार्य जिनमें विभाग से एनओसी प्राप्त नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी कार्यों में पत्राचार कर एनओसी भी प्राप्त की जाएं। विधायक श्री खंडेलवाल ने शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव से भी एनओसी नहीं मिलने के सम्बन्ध में दूरभाष पर चर्चा की। उन्होंने बैठक में सभी प्रगतिरत कार्यों में डेडलाइन तय कर शीघ्र पूर्ण कराने की बात कहीं। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि सांसद, विधायक, डीएमएफ और विशेष निधि



के कार्यों की प्रगति की सितंबर माह के अंत में पुनः समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएं। जिसमें सभी विभाग, जनपद सीईओ , सीएमओ इन कार्यों की पीपीटी में फोटोग्राफ्स भी रखें, ताकि कार्यों की स्थिति और गुणवत्ता का अच्छे से समीक्षा हो पाए। बैठक में कलेक्टर बैतूल श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन, सहित सभी जनपद सीईओ, सीएमओ तथा सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

# जन शिक्षकों और ब्लॉक एकेडमिक कोऑर्डिनेटरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बैतूल (निप्र)।** जनजातीय कार्य विभाग एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से संचालित 21वीं सदी के जीवन कौशल आधारित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के तहत कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र शाहपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 सितंबर को आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गुलाबराव बर्डे और ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर राधेलाल भादे की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें कुल 16 जनशिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के दूसरे वर्ष के पाठ्यक्रम को गहराई से समझने पर विशेष जोर दिया गया।

इस सत्र में जनशिक्षकों की भूमिका एवं जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा हुई, साथ ही प्रथम वर्ष की उपलब्धियों और चुनौतियों पर समूह चर्चा के माध्यम से मंथन किया गया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री गुलाबराव बर्डे ने कहा कि सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम में सत्र गतिविधि आधारित होते हैं और खेल सामग्री की उपलब्धता एवं उपयोगिता विद्यालयों में सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि ये गतिविधियां अधिक प्रभावी हों।




इसके साथ ही ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर राधेलाल भादे ने कहा कि इस कार्यक्रम को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यालय की अकादमिक समय सारणी में शामिल करना चाहिए ताकि बच्चों के व्यक्तित्व विकास में यह अधिक प्रभावी साबित हो। प्रशिक्षण के दौरान लिंग आधारित मुद्दों पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ, जिसमें जेंडर परिवर्तन की अवधारणा को समझाना और इसे अपनाने का महत्त्व बताया गया। विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक मीना सातनकर, विधा रैकवार और जिला प्रबंधक निष्ठा सौदावत ने प्रशिक्षण सत्र को निर्देशित किया। यह प्रशिक्षण जिला बैतूल के शिक्षकों को 21वीं सदी की नयी आवश्यकताओं के अनुरूप जीवन कौशल से लैस करने और उनके समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक केवल छात्रों को बेहतर तरीके से शिक्षित करने में सक्षम नहीं होंगे, बल्कि वे शिक्षण पद्धति में भी नई दिशा की ओर अग्रसर होंगे।

# फसल क्षति का होगा व्यवस्थित सर्वे

### केंद्रीय मंत्री श्री उईके और विधायक श्री खंडेलवाल ने की फसल क्षति की समीक्षा



**बैतूल (निप्र)।** केंद्रीय राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उईके और बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिले की खरीफ फसलों की क्षति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से सोयाबीन फसल में पीला मोजेक रोग से हुई नुकसान पर चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री श्री उईके और विधायक श्री खंडेलवाल ने प्रभावित किसानों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सोयाबीन की फसल जिले की प्रमुख आय का साधन है और पीला मोजेक जैसी बीमारी ने किसानों को आर्थिक संकट में डाल दिया है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से फसल की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन क्षेत्रों में किसानों को नुकसान हुआ है, वहां का त्वरित सर्वे कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और प्रभावित किसानों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक प्रभावित ग्राम में जाकर फसल क्षति का आंकलन करें और विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर राहत उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में विधायक आमला डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक मुलताई श्री चंद्रशेखर देशमुख, विधायक भैंसदेही श्री महेंद्र सिंह चौहान, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके तथा कलेक्टर बैतूल श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन सहित कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र कंजना का निरीक्षण किया

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने आज गंजबासोदा तहसील स्थित औद्योगिक क्षेत्र कंजना का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मैसर्स कल्पना बारबेड वायर, मैसर्स महेश्वरी दाल मिल एवं श्रीराम सेल्स डिस्पोजल कप-प्लेट इकाई का निरीक्षण कर उद्योगपतियों से उत्पादन प्रक्रिया, कच्चा माल, विपणन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा बैंक से प्राप्त वित्तीय सहायता संबंधी जानकारी ली। उद्योगपतियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित भू-खण्डों को बैंक में मॉर्टगेज कराने में आ रही समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया गया। इस पर उन्होंने एलडीएम एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक को शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया गया है। औद्योगिक क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या पर कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने जल निगम व उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की और शीघ्र जल प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### वैज्ञानिक दृष्टिकोण समाज की प्रगति के लिए आवश्यक : डी.एस. राय

**नर्मदापुरम (निप्र)।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम में आयोजित नवाचारी क्रियाशील खगोलीय कार्यशाला के दूसरे दिन शिक्षकों को खगोल विज्ञान के सैद्धांतिक, ऐतिहासिक और व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया। यह कार्यशाला मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, स्कूल शिक्षा विभाग तथा वी.एल.एस.एस.एस. रायसेन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित हो रही है, जिसमें नर्मदापुरम संभाग के 50 से अधिक शिक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. श्रीनिवास औंधकार ने नग्न आंखों से खगोलीय पिंडों की पहचान सिखाई और चंद्रयान मॉडल बनवाए। प्रो. अनुज हुंडैत ने भारत की प्राचीन खगोलविद्या की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। श्री एस.आर. आजाद ने खगोल विज्ञान और ज्योतिष के बीच का अंतर स्पष्ट किया। वहीं, पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डी.एस. राय ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना समाज की प्रगति के लिए आवश्यक है।

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

### जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास में आदि कर्मयोगी अभियान की भूमिका महत्वपूर्ण है - कलेक्टर

### कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना है : सीईओ

**सीहोर (निप्र)।** जिला मुख्यालय में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि



जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास में आदि कर्मयोगी अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका है। अंतिम छोर के व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए संबंधित विभागों एवं एनजीओ के आदि कर्मयोगियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे पूरी दक्षता से इस अभियान के उद्देश्यों को सार्थक करने के लिये काम कर सकें।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में आदि कर्मयोगी के क्रियान्वयन की प्रत्येक चीजो को बारीकी से सीखते हुए अपने दायित्वो का ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान में जिले के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थान के सदस्य बढ़ चढकर सहभागिता करते हुए जनजातीय समुदाय के नागरिकों को सशक्त बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा यह पहल ग्राम स्तर पर योजनाओं और सेवाओं की बेहतर पहुँच, जवाबदेही और नवाचार सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई है, शासन द्वारा जनजातियों के लिए चिन्हित सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी जनजातीय क्षेत्रों में कार्य के दौरान उन कारणों को समझने का प्रयास करें जो जनजातीय क्षेत्रों में विकास में बाधक बनते हैं और उन सभी कारणों को समझते हुए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें ताकि विकास के लक्ष्यों को पाया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जिले के जनजातीय समुदाय के लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ देते हुए सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण कार्यशाला में जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक श्री अरविंद कुशवाह, सात जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और 25 ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे।

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. – 8770932048